राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 237
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 10 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस लाइंस गौतमबुद्धनगर में खादी हैंडलूम शेड का किया गया
पेज 5 जनआकांक्षा और सत्तालोलुपता के बीच जंग में 10 मार्च का दिन निर्णायक : अखिलेश
पेज 7 रूस के खिलाफ यूक्रेन को और हथियार देगा कनाडा, रूस के खिलाफ यूक्रेन को और हथियार देगा कनाडा

## विधानसभा चुनाव : पांच राज्यों में 85 लाख लीटर शराब, 575 करोड़ की ड्रग्स की हुई जब्ती

नई दिल्ली। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने कुल 85 लाख लीटर से अधिक शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब का 70 फीसदी हिस्सा अकेल पंजाब में पकड़ाया था। चुनाव आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 575.39 करोड़ रुपए कीमत के ड्रग्स भी जब्त की गईं है। चुनाव के दौरान नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त उपहार और कीमती धातुओं की आवाजाही की जांच के लिए चुनाव आयोग ने उड़न दस्ते और स्थिर निगरानी टीमों को तैनात किया था।

पांच राज्यों में चुनाव के दौरान कुल 1,061.87 करोड़ रुपये की जब्ती की गई, जो 2017 में चुनाव होने पर पांच राज्यों में चुनाव प्राधिकरण द्वारा की गई 299.84 करोड़ रुपए की जब्ती से साढ़े तीन गुना अधिक है।

8 जनवरी को चुनाव की घोषणा के बाद से पंजाब, उत्तर प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड और मणिपुर से कुल 85,27,227 लीटर शराब जब्त की गई थी।

पंजाब 36.79 करोड़ रुपए के 59,65,496 लीटर के चार्ट में सबसे ऊपर है, इसके बाद उत्तर प्रदेश (22,94,614 लीटर की कीमत 62.13 करोड़ रुपए), उत्तराखंड (97,176 लीटर की कीमत 4.79 करोड़ रुपए), गोवा (95,446 लीटर की कीमत 3.57 करोड़ रुपए) और मणिपुर में (74,495 लीटर कीमत 73 लाख रुपए) है।

पांच राज्यों से जब्त किए गए 575.39 करोड़ रुपये के ड्रग्स में से पंजाब में 376.19 करोड़ रुपए, मणिपुर (143.78 करोड़ रुपए), उत्तर प्रदेश (48.48 करोड़ रुपए), उत्तराखंड (5.66 करोड़ रुपए) और गोवा (1.28 करोड़ रुपए) है।

# राजीव गांधी की हत्या के दोषी को जमानत

## 32 साल से कैद पेरारिवलन होंगे रिहा, सुप्रीम कोर्ट ने अच्छे बर्ताव की वजह से दी राहत

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के दोषी एजी पेरारिवलन को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। उसकी जल्द ही रिहाई होगी। उसे उम्रकैद हुई थी। वह 32 साल की सजा काट चुका है। अदालत ने उसे अच्छे आचरण, शैक्षिक योग्यता और बीमारी के आधार पर जमानत दी है। इस मामले में 7 लोगों को उम्रकैद हुई थी। इनमें से 6 अभी जेल में हैं।

47 साल के पेरारिवलन की याचिका पर दो जस्टिस एल. नागेश्वर राव और बीआर गवई ने मामले की सुनवाई की। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि दोषी 30 साल से अधिक समय से जेल में है। पैरोल की अवधि के दौरान उसका आचरण संतोष जनक रहा है। हमारा विचार है कि उसे जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।%

### कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल पर की तल्ख टिप्पणी

पेरारिवलन ने शीर्ष कोर्ट में एक जमानत याचिका दायर की थी। पेरारिवलन ने अपनी याचिका में कहा कि तमिलनाडु सरकार उसकी रिहाई का आदेश दे चुकी है, लेकिन राज्यपाल और केंद्र सरकार इसे मंजूर नहीं कर रही। कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के इस रुख पर नाराजगी जताई और रिहाई की सिफारिश को लेकर उन पर सवाल उठाया।

सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख लहजे में कहा कि क्या इस मामले में राज्य के राज्यपाल का कोई अपना विवेक है? कोर्ट ने राज्यपाल के उस फैसले की आलोचना की, जिसमें राज्यपाल ने करीब ढाई साल बाद राष्ट्रपति को राज्य सरकार की सिफारिश भेजी थी।



राजीव गांधी की हत्या को लेकर पेरारीवलन समेत सात लोगों को टाडा और सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। जिसके बाद सभी दोषियों ने कोर्ट में दया याचिका दायर की। दया याचिका में सुनवाई देर से हुई जिसके चलते कोर्ट ने मौत की सजा को उम्र कैद की सजा में बदल दिया था।

इसके बाद तमिलनाडु सरकार ने उसकी उम्र कैद को भी खत्म करने और रिहा करने के लिए एक रेजोल्यूशन पास किया। जिसके बाद ये मामला गवर्नर और बाद में राष्ट्रपति के पास चला गया। राज्यपाल के मुताबिक, किसी भी तरह का फैसला लेने का अधिकार राष्ट्रपति के पास ही है।

### राज्यपाल कोई निर्णय नहीं ले रहा : कोर्ट

याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार की मंजूरी के बाद भी राज्यपाल कोई फैसला नहीं ले रहा है और न ही कोई आदेश पारित कर रहा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर राज्यपाल ऐसे मामलों पर फैसला नहीं लेता है तो पेरारीवलन की जमानत पर फैसला हम लेंगे।

### 21 मई 1991 को हुई राजीव गांधी की हत्या

**राजीव गांधी 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करने गए थें। इस दौरान धनु नाम की एक महिला ने आत्मघाती हमले में उनकी हत्या कर दी। धनु समेत 14 लोग मारे गए। ये भारत के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आत्मघाती हमला था जिसमें कोई हाई प्रोफाइल लीडर की हत्या कर दी गई थी। गांधी की 21 मई, 1991 की रात को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी, जिसकी पहचान धनु के रूप में एक चुनावी रैली में हुई थी। मई 1999 के शीर्ष अदालत ने पेरारिवलन, मुरुगन, संथम और नलिनी समेत 7 लोगों दोषी ठहराया।**

# देश में पहली बार गोबर के ब्रीफकेस में बजट

## छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल विधानसभा लेकर पहुंचे; संस्कृत में लिखा- 'गोमय वसते लक्ष्मी'

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विधानसभा में बजट पेश किया। इस दौरान बघेल के हाथ में मौजूद एक ब्रीफकेस काफी चर्चा में है। दरअसल यह ब्रीफकेस गोबर से बना हुआ है, जिसे लेकर बघेल ने बजट पेश किया। इस ब्रीफकेस पर संस्कृत में 'गोमय वसते लक्ष्मी' लिखा था, जिसका अर्थ गोबर में लक्ष्मी का वास होता है।

देश में ऐसा पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री ने बजट लाने लिए गोबर से बने ब्रीफकेस का इस्तेमाल किया है। आम तौर पर इससे पहले अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री चमड़े या जूट से बने ब्रीफकेस का इस्तेमाल बजट की प्रति लाने के लिए करते रहे हैं। इस ब्रीफकेस को रायपुर गोकुल धाम गौठान में काम करने वाली महिला स्वंय सहायता समूह एक पहल की महिलाओं ने तैयार किया है।

### 10 दिन में तैयार हुआ ब्रीफकेस

समूह की महिलाओं ने बताया कि इस ब्रीफकेस की खासियत ये है कि इसे गोबर पाउडर, चूना पाउडर, मैदा,





लकड़ी एवं ग्वार गम के मिश्रण को परत दर परत लगाकर 10 दिनों की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया है। बजट के लिए विशेष तौर पर तैयार इस ब्रीफकेस के हैंडल और कॉर्नर कोंडागांव शहर के समूह ने बस्तर आर्ट कारीगर से तैयार करवाया गया है।

### मां लक्ष्मी का प्रतीक है गोबर

दरअसल, छत्तीसगढ़ में ये मान्यता है कि गोबर मां लक्ष्मी का प्रतीक है। प्रदेश के तीज त्योहारों में घरों को गोबर से लीपने की परंपरा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गोमय ब्रीफकेस बनाया है, ताकि मुख्यमंत्री के हाथों इस ब्रीफकेस से छत्तीसगढ़ के हर घर में बजट रूपी लक्ष्मी का प्रवेश हो और राज्य का हर नागरिक आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।

### 2020 में हुई थी गोधन न्याय योजना की शुरुआत

प्रदेश में गोधन न्याय योजना की शुरूआत 2021 में की गई थी। मकसद है पशुपालकों को लाभ पहुंचाया जा सके।

इस योजना के तहत राज्य सरकार पशुपालक किसानों से गाय का गोबर खरीदती है। इसके बदले उन्हें पैसे दिए जाते हैं। 2022 तक कई किसान इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।

इस योजना के तहत सरकार गायों के लिए भी काम कर रही है। राज्य सरकार ने इसके लिए प्रदेशभर में अलग-अलग गौठानों का निर्माण भी किया है। इनमें गायों की देखभाल का काम किया जा रहा है और उनके गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने का काम किया जाता है।

### पीएम भी कर चुके हैं योजना की तारीफ

गोधन न्याय योजना ने पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इसकी तारीफ प्रधानमंत्री और कृषि मामलों की संसदीय समिति भी कर चुकी है। गोधन न्याय योजना के तहत राज्यभर में 10591 गौठानों को स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें से 8048 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है। राज्य के 2800 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं।

### गोबर से बन रही बिजली और गुलाल

राज्य सरकार गाय पालने वाले किसानों से गोबर तो खरीद ही रही है। इसके अलावा राज्य सरकार गोबर से ही बिजली बनाने का काम भी कर रही है। पिछले साल गांधी जयंती के दिन सीएम ने गोबर से बिजली बनाए जाने की परियोजना का शुभारंभ किया था। इसके तहत अब राज्य में गोबर से ही बिजली बनाने का काम किया जा रहा है। वहीं रायपुर की सामाजिक संस्था एक पहल गोबर से ही गुलाल बनाने का काम कर रही है।

### रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बनने के लिए सरकार का बड़ा कदम, बनेगी नई एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने हथियारों के निर्माण और टेस्टिंग के मामले में आत्मनिर्भर बनने की ओर बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। रक्षा मंत्रालय ने यूनियन कैबिनेट को एक नोडल अंब्रेला बॉडी बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा है जो कि हथियारों की टेस्टिंग और प्रमाणन का काम कर सके। यह संस्था प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों द्वारा बनाए गए रक्षा उपकरणों का सर्टिफिकेशन करेगी। इस साल केंद्रीय बजट में इस बात का जिक्र किया गया था कि एक स्वतंत्र टेस्टिंग ऐंड सर्टिफिशन बॉडी बनाई जाएगी। भारत में निजी रक्षा उपकरण निर्माता कंपनियों केलिए यह बहुत बड़ा कदम साबित हो सकता है। इससे प्राइवेट कंपनियों की तरफ से रक्षा उपकरण की सप्लाई भी बढ़ सकती है।

# इटावा में कार-मिनी ट्रक में भिड़ंत, छह मरे, तीन घायल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के सैफई क्षेत्र में बुधवार दोपहर कार और मिनी ट्रक की भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि इटावा मैनपुरी मार्ग पर आज दोपहर करीब साढ़े 12 बजे यह हादसा उस समय हुआ जब सैफई से इटावा की ओर जा रही एक डीसीएम गाड़ी विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टकरा गयी। कार में सवार जसवंतनगर के एक फोटो स्टूडियो के कर्मचारी सवार थे





जो मैनपुरी में शगुन वाटिका स्थित एक शादी समारोह को शूट करने जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस हादसे में विशेष, मनजीत, ब्रजमोहन, करन, सादाब और विपिन की मौत हो गयी।

मरने वालों में सभी युवक 20 से 22 उम्र के बीच के बताये जा रहे हैं। सभी जसवंतनगर के रहने वाले हैं। हादसे में घायल तीन अन्य को सैफई मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

# छत्तीसगढ़ में आईटी की रेड : इनकम टैक्स विभाग के दर्जनों अफसर सुबह-सुबह पहुंचे

## रायपुर, कवर्धा के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कुछ बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा पड़ा है। आईटी डिपार्टमेंट की छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश की टीम भी रायपुर, कवर्धा, दुर्ग और बिलासपुर जैसे शहरों में कुछ कारोबारियों के दर्जनों ठिकानों पर बुधवार की सुबह पहुंच गई। मामला करोड़ों की टैक्स चोरी का बताया जा रहा है, जिससे जुड़े सबूत अब छापे के जरिए जुटाए जा रहे हैं।

कवर्धा में कारोबारी कन्हैया अग्रवाल और जशपुर के कांट्रेक्टर विनोद जैन



के रायपुर स्थित ठिकानों पर दबिश दी गई है। कन्हैया अग्रवाल के अशोका रतन स्थित मकान और पंडरी के होटल पुनीत स्थित दफ्तर में इनकम टैक्स के अफसर पहुंचे हैं। विनोद जैन के हीरापुर स्थित कुछ फैक्ट्री में भी अलग-अलग टीमें जांच कर रही हैं।

आयकर विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि टैक्स चोरी के इनपुट के आधार पर यह जांच की जा रही है। छत्तीसगढ़ के बाहर से भी कुछ अफसरों की टीमें पहुंची हैं। देर शाम तक छापे से जुड़े और भी खुलासे हो सकते हैं। कपड़ा और ज्वेलरी के कारोबार से जुड़े अन्य कारोबारियों के ठिकानों पर भी जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री ने कहा था-आईटी वाले छत्तीसगढ़ आएंगे

केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय एजेंसियों का सियासी इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था- ये (केंद्र सरकार) अपने विरोधियों को प्रताड़ित करने का काम रही है, हो सकता है चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में ईडी और आईटी का दौरा हो। ये लोग असहमति को बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसी बात की लड़ाई है हमारी, असहमति का सम्मान होना चाहिए, ये लोग दुश्मन मान लेते हैं उसे कुचल देते हैं।

अब रायपुर, कवर्धा, दुर्ग और बिलासपुर के कुछ हिस्सों में पड़ी आईटी की रेड का कनेक्शन सियासी है या नहीं यह स्पष्ट नहीं है।

मगर कार्रवाई और मुख्यमंत्री की पहले ही जताई गई आशंका के इस संयोग की वजह से मामला बेहद चर्चा में है।

# यूक्रेन के युवा सांसद की अपील, 'रूस को सजा दे भारत'

## मदद के लिए पीएम मोदी को कहा धन्यवाद

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के सबसे युवा सांसद शिवतोस्लाव युराश ने बुधवार को कहा कि भारत को रूस को लेकर अपने रुख पर पुनर्विचार करना चाहिए और पिछले 20 वर्षों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा किए गए कार्यों के लिए उसे दंडित करना चाहिए।

उन्होंने कहा, जहां तक भारत-रूस का संबंध की बात है, तो आपकी रणनीतिक मित्रता और साझेदारी पर एक संधि है, इसलिए मुझे लगता है कि आपको उस पर दोबारा सोचने की जरूरत है। न केवल यूक्रेन बल्कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शासन द्वारा पिछले 20 वर्षों से किए गए उन सभी कुकर्मों को देखते हुए आपको इस संधि पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। रूस को चाहिए कि वह रूस को सजा दे।

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए शिवतोस्लाव ने कहा, भारत उन देशों में से एक है जो इस सदी के भाग्य का फैसला करेगा। जहां तक रूसी संबंधों पर भारत की स्थिति का संबंध है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रपति को जो फोन किया, उसके लिए मैं आभारी हूं। भारत द्वारा किए जा रहे मानवीय कदमों के लिए हम आभारी हैं।

भारत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर प्रतिक्रिया देने के लिए सतर्क रुख अपनाया है। इसके अलावा भारत यूक्रेन में फंसे नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए यूक्रेनी और रूसी दोनों सरकारों के संपर्क में है। पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों से बात की है और हिंसा को तत्काल बंद करने की अपील की। हालांकि, यह संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ प्रस्तावों से दूर रहा। भारत में रूसी दूत डेनिस अलीपोव ने हाल ही में कहा है कि यूक्रेन में मौजूदा संकट के रूस-भारत संबंधों सहित पूरी दुनिया के लिए परिणाम होंगे, जबकि साथ ही, भारत के पास इस महत्वपूर्ण समय में रूस के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर है।

### कोविड टीकाकरण 179.51 करोड़ से अधिक

**नयी दिल्ली।** देश में कोविड टीकाकरण अभियान के 418वें दिन बुधवार को 15 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये। इसके साथ ही कोविड टीकाकरण 179.51 करोड़ से अधिक हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देर शाम यहां बताया कि देश में कोविड टीकाकरण अभियान के तहत आज शाम सात बजे तक 179 करोड 51 लाख 20 हजार 996 कोविड टीके लगाये जा चुके है। आज 15 लाख 95 हजार 870 कोविड टीके दिये गये।

महिला कबड्डी टीम



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री, अनुराग सिंह ठाकुर नई दिल्ली में हिमाचल की महिला कबड्डी टीम के साथ।

**कोविड-19** देश में कोरोना मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.69 फीसदी और संक्रमण दर 0.11 फीसदी बनी हुई है

# देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 150 से भी कम मौतें

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की गति लगातार धीमी पड़ने के बीच पिछले 24 घंटे में वायरस की चपेट में आकर 145 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ मरने वालों का आकंड़ा 5,15,355 तक पहुंच गया है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में कोरोना के 4,575 नए मरीज सामने आए हैं, जिन्हें शामिल करते हुए देश में कुल मामलों की संख्या 4,29,75,883 हो गई है। वहीं, इस दौरान 7,416 लोगों



ने महामारी को मात दी। नए लोगों के स्वस्थ होने से इस महामारी से मुक्त होने वालों की संख्या बढ़कर 4,24,13,566 तक हो गई है। उल्लेखनीय है कि इसी अवधि में सक्रिय मामलों की संख्या 2,986 घटकर 46,962 रह गई है।

देश में कोरोना मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.69 फीसदी और सक्रमण दर 0.11 फीसदी बनी हुई है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 191 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 13,493 रह गयी। वहीं, 1,871 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 64,35,236 हो गयी है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 66,374 हो गया है।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 263 घटकर 7,212 रह गए हैं। इस दौरान राज्य में 718 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 77,18,541 हो गयी। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 143745 पर स्थिर है।

तमिलनाडु में इस दौरान सक्रिय मामले 269 घटकर 2,145 रह गये है। वहीं 418 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 34,11,158 हो गयी है, जबकि दो मरीजों की मौत होने के बाद मृतकों का आंकड़ा 38,019 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामलों की संख्या 69 घटकर 3,018 रह गयी है। इस दौरान 258 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 38,99,905 हो गई है।

वहीं राज्य में आठ और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40004 पर पहुंच गया है।

## शार्ट न्यूज

### कश्मीर में सरपंच की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के बाहरी इलाके में स्थित खोनमोह में बुधवार शाम आतंकवादियों ने एक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि खोनमोह इलाके में समीर अहमद भट नामक सरपंच को बंदूकधारियों ने गोली मार दी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे श्रीनगर के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। पुलिस ने घटना पर कोई बयान जारी नहीं किया है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार दोपहर रहस्यमयी विस्फोट में एक व्यक्ति के मारे जाने और 13 के घायल होने के कुछ घंटे बाद सरपंच पर हमला हुआ है। पिछले एक सप्ताह में पंचायत सदस्य की यह दूसरी हत्या है। इससे पहले दो मार्च को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में अज्ञात आतंकवादियों ने पंच मोहम्मद याकूब डार की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### जम्मू-कश्मीर में विस्फोट में एक की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के सलाथिया चौक पर बुधवार दोपहर सब्जी के ठेले पर रहस्यमयी विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 13 अन्य घायल हो गये। केंद्रीय मंत्री और कठुआ-उधमपुर निर्वाचन क्षेत्र से सांसद डॉ जीतेंद्र सिंह, ने ट्वीट किया,उधमपुर में तहसीलदार कार्यालय पर एक रेहडी के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा, इस विस्फोट में एक की मौत हो गई, 13 घायलों को अस्पताल ले जाया गया। मैं मिनट दर मिनट आधार पर डीसी (उपायुक्त) इंदु चिब के संपर्क में हूं। विस्फोट के सही कारण और स्रोत का पता लगाया जा रहा है। कोई निश्चित निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। इससे पहले, उधमपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक(एसएसपी) विनोद कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रहस्यमय विस्फोट में कुछ के घायल होने की सूचना है। एसएसपी ने कहा, शुरुआत में, विस्फोट की प्रकृति का पता नहीं चला है, लेकिन अन्य एजेंसियों के साथ एफएसएल टीम काम पर है। उन्होंने कहा, विस्फोट में कुछ लोग घायल हुए हैं। विस्फोट की आवाज घटना स्थल से 100 मीटर दूर तक सुनी गई। कुमार ने कहा, हमने इलाके को घेर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### बंगाल विधानसभा में अराजकता फैला रही है भाजपा : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और भाजपा विधायकों पर राज्य विधानसभा की कार्यवाही बाधित करने और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। भाजपा के दो विधायकों को गत सात मार्च को बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हंगामा करने के मामले में बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किये जाने के बाद पार्टी के सभी विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। इस पर सुश्री बनर्जी ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा और पार्टी विधायकों पर विधानसभा की कार्यवाही बाधित करने और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। सदन में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी के दो सांसदों सुदीप मुखर्जी और मिहिर गोस्वामी को शेष सत्र के लिए अध्यक्ष विमान बनर्जी द्वारा निलंबित किए जाने के बाद अपने विधायकों के साथ बहिर्गमन का नेतृत्व किया। पार्टी के दोनों विधायकों पर से निलंबन आदेश वापस लेने की श्री अधिकारी की मांग पूरी नहीं होने के बाद भाजपा विधायकों ने बहिर्गमन किया।

### मणिपुर चुनाव में 89.3 फीसदी मतदान दर्ज

इंफाल। मणिपुर में 12वीं आम विधानसभा चुनाव में 89.3 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो अब तक का रिकॉर्ड मतदान है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। दसवें और 11वें आम चुनावों के दौरान मतदान प्रतिशत क्रमश: 79.5 प्रतिशत और 86.4 फीसदी रहा था। इस बार दो चरणों में मतदान 28 फरवरी और पांच मार्च को हुआ था। राज्य के कुल 60 निर्वाचन क्षेत्रों में से 36 विधानसभा क्षेत्रों में 90 प्रतिशत या उससे अधिक मतदान दर्ज किए गए। साठ विधानसभा क्षेत्रों में वांगोई ने सबसे अधिक 94.8 प्रतिशत मतदान दर्ज किया उसके बाद चंदेल में 94.3फीसदी, मायांग इंफाल में 94.1 प्रतिशत, लामलाई में 93.7 फीसदी, तेंगनौपाल में 93.5 प्रतिशत, लामसांग में 93.4 फीसदी, हियांगलम में 93.4 प्रतिशत तथा हीरोक में 93.1 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 90.5 प्रतिशत था जबकि पुरुष मतदान 87.9 फीसदी दर्ज किया गया। आम चुनावों में दिव्यांग मतदाताओं की भारी भागीदारी देखी गई है। कुल 14565 दिव्यांग मतदाताओं में से 90 प्रतिशत से अधिक ने मतदान में भाग लिया। इनमें से 1235 दिव्यांग मतदाताओं ने डाक मतपत्रों के माध्यम से अपने-अपने घरों में आराम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### तमिलनाडु के मंत्री की बेटी ने कर्नाटक सरकार से मांगी सुरक्षा

बेंगलुरु। तमिलनाडु के मंत्री पी के शेखर बाबू की पुत्री ने बुधवार को कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र के साथ बैठक कर अपने और अपने पति के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की। गृह मंत्री के साथ बैठक से पहले जयकल्याणी (24) और सतीश कुमार (27) ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त से मिलकर श्री बाबू के गुंडों से सुरक्षा की मांग की थी। कर्नाटक सरकार से सुरक्षा मांगते हुए उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पुलिस उनकी कोई मदद नहीं कर रही है क्योंकि उनके पिता राज्य की द्रमुक सरकार में मंत्री हैं। जयकल्याणी को यह डर है कि उसके पिता उसकी और उसके पति की हत्या कर देंगे। जयकल्याणी ने आरोप लगाया कि उनके पिता के गुंडे उनके पति को परेशान कर रहे थे। उन्होंने सतीश के परिवहन दफ्तर जाकर तोड़ फोड़ भी मचाई थी। उन्होंने कहा,घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हमारे पास सबूत के तौर पर वीडियो मौजूद है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुंडों ने तमिलनाडु की कई कंपनियों से संपर्क कर उनसे सतीश के साथ काम न करने के लिए कहा था। जयकल्याणी ने कहा कि कुमार एक परिवहन व्यवसाय चलाता है और वह उसे पिछले छह वर्षों से जानती है। उसके पिता उसकी शादी एक करोड़पति ईसाई लड़के से करना चाहते थे लेकिन वह सतीश से प्यार करती थी। जयकल्याणी ने कहा,मेरे पति बालिग हैं। मेरी उम्र 24 साल है और वह 27 साल के हैं। मैंने अपनी इच्छा के अनुसार अपना घर छोड़ा था। पिछली बार जब हम घर से बाहर आए थे, तो मेरे पिता मेरे पति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करने के लिए तैयार थे। जब मैंने दखल दिया और कहा कि अगर आप ऐसा करेंगे तो मैं आत्महत्या कर लूंगी, इसलिए उन्होंने कुछ नहीं किया। जयकल्याणी और सतीश कुछ दिन पहले हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार रायचूर के हलास्वामी मठ में शादी के बंधन में बंध गए थे।

### कैदियों से मुलाकात करने वालों पर लगी रोक को तत्काल हटाया जाए : मजीठिया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने पंजाब सरकार से राज्य की जेलों में दोषियों और विचाराधीन कैदियों के लिए जेल में मिलने वालों पर लगी रोक को हटाने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस बारे में प्रधान सचिव और ए.डी.जी.पी (जेल) को एक पत्र लिखा है। श्री मजीठिया ने कहा है कि कांग्रेस सरकार द्वारा झूठी और राजनीति से प्रेरित एफआईआर के कारण पटियाला जेल में न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान उन्हें इस बात का पता चला कि दो साल से कोविड महामारी की शुरूआत के बाद से दोषियों के साथ साथ विचाराधीन कैदियों को भी मुलाकात के अधिकारों से वंचित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि पंजाब में सभी कोविड प्रतिबंध हटा दिए गए है और जिम, थियेटर और रेस्तरां सभी को फिर से शुरू करने की अनुमति दी जा चुकी है । उसके बावजूद कैदियों को उनके परिजनों से मिलने नहीं दिया जा रहा । यह मुददा कैदियों के मौलिक अधिकारों से संबंधित है । श्री मजीठिया ने कहा कि तमिलनाडु और मध्य प्रदेश जैसे सभी राज्यों में भी , जिनमें पंजाब की तुलना में कोविड महामारी ज्यादा फैली थी।

# मथुरा में शुरू हो गई होली की धूम, देश विदेश से पहुंचते हैं श्रद्धालु

मथुरा। (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में होली का उत्साह साफ नजर आ रहा है। बसंत पंचमी पर मंदिरों में एवं होलिका दहन स्थलों पर होली का ढांडा गाड़े जाने के बाद से ही भगवान कृष्ण की नगरी में 40 दिनों तक चलने वाले रंगोत्सव की धूम शुरू हो गई थी। अब 10 मार्च को बरसाना के लाड़िली जी मंदिर में 'लड्डू होली' खेले जाने के साथ ही होली का आनंद चरम पर पहुंचता जाएगा। श्रीजी मंदिर के सेवायत किशोरी गोस्वामी ने कहा ह्यह्यकान्हा की नगरी में रंग खेलने का आनंद उन लोगों से ज्यादा कौन जानता होगा जो 'लट्ठ की मार' खाकर भी खुद को धन्य मानते हैं। इस बार फागुन शुक्ल नवमी व दशमी को क्रमशः बरसाना और नंदगांव में लट्ठमार होली खेली जाएगी।' उन्होंने बताया कि इसके बाद रंगभरनी एकादशी पर 12 मार्च को मथुरा में ठाकुर द्वारिकाधीश एवं वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालु अपने आराध्य के साथ होली खेलेंगे। इस दिन मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में लीलामंच पर ब्रज की कमोबेश सभी प्रकार की होलियों का मंचन होगा। कहा जाता है कि जब बरसाना से एक सखी सुबह राधारानी की ओर से रंग और मिठाई लेकर नन्दगांव के हुरियारों (होली खेलने वालों) को होली का आमंत्रण देने जाती है तो सायंकाल वहां से एक पण्डा कृष्ण के प्रतिनिधि के रूप में होली का न्यौता देने बरसाना पहुंचता है। बरसाना के गोस्वामी उसका आदर-सत्कार करते हैं। सेवायत गोस्वामी ने बताया कि आवभगत के लिए पण्डा को लड्डू खिलाने की होड़ मच जाती है और उस पर एक प्रकार से लड्डुओं की बरसात होती है। इन्हीं लड्डुओं को प्रसाद के रूप में दिया जाता है और इसे 'लड्डू होली' या 'लड्डू लीला' कहा जाता है। फाल्गुन शुक्ल नवमी के दिन बरसाना में लट्ठमार होली होती है। सेवायत किशोरी गोस्वामी बताते हैं कि दिल्ली से टेसू के 10 क्विंटल फूल मंगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि टेसू के फूलों से तैयार रंग को लाड़ली जी मंदिर में ऊपर की मंजिलों से श्रद्धालुओं एवं नन्दगांव के हुरियारों पर डाला जाता है।



इसके बाद 14 मार्च को श्रद्धालु मथुरा में ठाकुर द्वारिकाधीश एवं वृन्दावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रंगों की होली खेलेंगे। 16 मार्च को गोकुल की छड़ीमार होली होगी। गोपियां बालकृष्ण के साथ होली खेलने के लिए, छोटी-पतली छड़ियां ले कर निकलेंगी। मान्यता है कि यदि बड़ी लाठी से होली खेली जाएगी, तो कृष्ण को चोट पहुंच सकती है इसलिए यहां छड़ियों से ही होली खेली जाती है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन होलिका दहन के अवसर पर कोसीकलां के निकट स्थित फालैन गांव में एक पण्डा होली की धधकती हुई ज्वाला में से गुजरता है। अगले दिन ब्रजवासी होली खेलते हैं। इसी के साथ रंगों से खेली जाने वाली होली की परम्परा का एक पक्ष यहां सम्पूर्ण हो जाता है।

# महाराष्ट्र में तेज हुई नवाब मलिक के इस्तीफे की मांग, फडणवीस सहित कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया

मुंबई। (एजेंसी)

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार में मंत्री एनसीपी नेता नवाब मलिक के खिलाफ भाजपा का हो-हल्ला लगातार जारी है। भाजपा लगातार नवाब मलिक के इस्तीफे की मांग कर रही है। भाजपा की ओर से प्रदर्शन भी किया जा रहा है। आज एक और प्रदर्शन निकालने की कोशिश भाजपा की ओर से की जा रही थी। इसी दौरान महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के कई अन्य नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। हालांकि बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। हिरासत में जिन लोगों को लिया गया उनमें महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटील, आशीष शेलार, मंगल प्रभात लोढ़ा शामिल थे। इन्हें मेट्रो सिनेमा के पास हिरासत में लिया गया था और येलो गेट पुलिस थाने में ले जाया गया।





पुलिस के मुताबिक कुछ कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इन नेताओं को रिहा कर दिया गया। हालांकि इस प्रदर्शन के कारण इलाके में यातायात बाधित रही और जाम लग गया। भाजपा नेताओं के प्रदर्शन के मद्देनजर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बलों की भी तैनाती कर दी गई है। फिलहाल इस मामले को लेकर कोई भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख और केंद्रीय सरकार में मंत्री रामदास अठावले ने भी नवाब मलिक से इस्तीफे की मांग की है। अठावले ने कहा कि एक मंत्री को बर्खास्त करने की जरूरत है लेकिन उन्हें पद से नहीं हटाया जा रहा है और ऐसा करके महाराष्ट्र की परंपरा को कलंकित किया जा रहा है। आपको बता दें कि अल्पसंख्यक विकास मंत्री मलिक को ईडी ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहायकों की गतिविधियों से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। भाजपा मलिक के इस्तीफे की पुरजोर मांग करती रही है। लेकिन, एमवीए नेताओं ने इस मांग को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मलिक को भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग करते हुए गलत तरीके से निशाना बनाया गया है।

## गांधी परिवार के बेहद करीब रहे एके एंटनी ने राजनीति से लिया संन्यास, सोनिया गांधी को लिखा पत्र

मुंबई। (एजेंसी)



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और गांधी परिवार के बेहद ही करीबी रहे पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। इसके साथ ही वह आगे अब कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसको लेकर उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को भी पत्र लिखा है। अपने पत्र में सोनिया गांधी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि अब वह सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना चाहते हैं। अपने पत्र में एके एंटनी ने लिखा है कि वह राज्यसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे और अप्रैल में अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह गृह राज्य केरल वापस चले जाएंगे। एके एंटनी के इस घोषणा के बाद उनके 52 साल के राजनीतिक कैरियर का अंत हो रहा है।

आपको बता दें कि केरल में राज्यसभा के 3 सीटों के लिए 30 मार्च को चुनाव होने हैं। अपने पत्र में इंटरव्यू ने सोनिया गांधी से कहा कि 2 अप्रैल को उनका कार्यकाल खत्म हो रहा है। ऐसे मैं बाहर दोबारा चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि अब वह दिल्ली में नहीं रहना चाहते। वह अपने गृह राज्य केरल शिफ्ट हो जाएंगे। 52 साल की लंबी राजनीति के बाद वह इससे दूर हो रहे हैं। 1970 में वह पहली बार केरल में विधायक बने थे। वह कांग्रेस युवा और छात्र विंग के भी नेता रह चुके हैं। इतना ही नहीं, केरल के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने तीन बार अपनी सेवाएं दी हैं। महज 37 साल की उम्र में वह केरल के मुख्यमंत्री भी बन गए थे।

## 3 हफ्तों के भीतर 20,000 भारतीयों की हुई वतन वापसी, यूक्रेन संकट के बीच हमने तिरंगे की अहमियत देखी: पीयूष गोयल

नयी दिल्ली। (एजेंसी)



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यूक्रेन में फंसे भारतीयों की वतन वापसी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में विश्वास खड़ा हुआ है कि किसी भी संकट के समय में भारत सरकार और भारत के प्रधानमंत्री जी हमें संकट से निकालेंगे। 20,000 से अधिक भारत के नागरिक जो यूक्रेन में फंसे थे, उन्हें तीन हफ्ते के अंदर भारत में वापस लाना, ये हम सभी लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस विषय को खुद गंभीरता से लिया। 8 हाई लेवल मीटिंग उन्होंने की। उन्होंने करीब 11 बार दुनिया के बड़े-बड़े नेताओं से बात की। कूटनीति का हर संभव प्रयोग किया गया, जिससे हमारे नागरिक सकुशल वापस आ सकें। पीयूष गोयल ने बताया कि छात्रों के बैच का आखिरी दस्ता भी युद्धग्रस्त इलाके से निकलकर पश्चिमी क्षेत्र में पहुंच रहा है। उन्हें भी जल्द ही बॉर्डर पार करवाकर अपने वतन लाया जाएगा। संकट की घड़ी में भी जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस मिशन को नेतृत्व किया और 4 वरिष्ठ मंत्रियों को संकटग्रस्ट देश के करीबी देशों में भेजा और इन लोगों ने वहां के राष्ट्र प्रमुखों से बात की। जिसकी वजह से हर मुमकिन सहायता वहां के देशों से हमें मिली है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा ही उदाहरण किसी और देश का नहीं है जिन्होंने इतनी गंभीरता के साथ अपने लोगों की वतन वापसी कराने का काम किया हो। यहां तक की बड़े-बड़े देश इसमें विफल रहे। चीन तो 5 तारीख को पहली बार कुछ लोगों को निकाल पाया है। अमेरिका ने तो एडवाइजरी जारी कर दी थी कि आप वहां से निकल जाओ वरना तो हम जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन भारत ने हम संभव कोशिश की है।

# हार्दिक पटेल ने गुजरात सरकार को चेताया, अगर मांगे नहीं हुई पूरी तो फिर शुरू करेंगे आंदोलन

नई दिल्ली (एजेंसी)

गुजरात में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। गुजरात को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इन सब के बीच एक बार फिर से भाजपा सत्ता में वापसी की कोशिश करेगी। हालांकि उसके लिए चुनौतियां पहले के मुकाबले आसान दिखाई नहीं दे रही हैं। एंटी इनकंबेंसी को खत्म करने के लिए भाजपा ने मुख्यमंत्री तक बदल दिए। बावजूद इसके भाजपा ने अब गुजरात में एक बार फिर से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इन सबके बीच गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने भाजपा सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। हार्दिक पटेल ने साफ तौर पर कह दिया कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती हैं तो हम फिर से सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

हार्दिक पटेल की ओर से कहा गया है कि 23 मार्च तक लंबित मांगे पूरी न किए जाने पर पाटीदार आंदोलन फिर से शुरू होगा। 23 मार्च को सरदार भगत सिंह का शहीदी दिवस है। हार्दिक पटेल की ओर से चार कार्यक्रम आयोजित करने की योजना भी बनाई गई है। हार्दिक पटेल की ओर से राज्य सरकार को अल्टीमेटम देते हुए साफ तौर पर कह दिया गया है कि अगर 23 मार्च तक पाटीदारों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो एक बार फिर से आंदोलन शुरू होगा। हार्दिक पटेल ने आरोप लगाया है कि पाटीदार समाज के हजारों युवा सरकार की तानाशाही का शिकार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2015 से मेरे जैसे युवा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। आपको बता दें कि हार्दिक पटेल की ओर से गुजरात में पाटीदार आंदोलन शुरू किया गया था। इस आंदोलन का असर गुजरात में काफी देखने को मिला था। एक बार फिर से गुजरात का चुनाव है। यही कारण है कि पाटीदार आंदोलन चर्चा में है। गुजरात में पाटीदार वोटर्स की संख्या 22 से 25% है। आपको बता दें कि गुजरात में 183 सीटों में से 45 से 50 सीटें ऐसी हैं जहां पाटीदार वोट काफी मायने रखते हैं। गुजरात में भाजपा को हराने के लिए सभी पार्टियों ने अपना जोर लगाना शुरू कर दिया है। हालांकि हाल में ही हुए स्थानीय चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्ष को धराशाई कर दिया था।

## भाजपा अब भी सत्ता में इसलिए है क्योंकि कोई विकल्प नहीं है: ममता बनर्जी

नई दिल्ली (एजेंसी)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि जिस दिन लोगों को उचित विकल्प मिल जाएगा, उस दिन भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि दूसरी सियासी पार्टियों को विकल्प बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा क्योंकि केवल बयान देने भर से कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कोलकाता में पार्टी की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा अभी सत्ता में इसलिए है क्योंकि कोई विकल्प नहीं है। जिस दिन विकल्प मिल जाएगा, उसे बाहर कर दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने पार्टियों का नाम लिए बगैर कहा,तीन राजनीतिक दलों ने पश्चिम बंगाल में देवता पचमी में कोयला खनन और ताजपुर में गहरे समुद्र बंदरगाह जैसी परियोजनाओं को कैसे रोका जाए, इस पर बैठकें की हैं। वे भी जानते हैं कि यदि ये परियोजनाएं सफल हो जाती हैं तो, अगले 20 सालों तक वे सत्ता में नहीं आ पाएंगे। मैं कहूंगी कि उन्होंने जो किया है उसके लिए वे अगले 50 सालों



तक सत्ता में नहीं आ पाएंगे। इस बैठक में उनके अलावा अभिषेक बनर्जी और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भी मंच साझा किया।

# यूक्रेन में फंसे बांग्लादेशी नागरिकों को भारत ने किया रेस्क्यू, शेख हसीना बोलीं- मोदी जी थैंक यू

नई दिल्ली (एजेंसी)

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध की वजह से पूरी दुनिया चिंता में है। हालांकि भारत ने ऑपरेशन गंगा के तहत वहां फंसे अपने नागरिकों को रेस्क्यू किया। भारत सरकार की पहल की दुनिया में सराहना हो रही है। सबसे खास बात तो यह भी है कि भारत सरकार ने ऑपरेशन गंगा के तहत अपने नागरिकों का रेस्क्यू किया बल्कि पड़ोसी मुल्कों के भी नागरिकों को वहां से निकालने का काम किया गया। भारत सरकार के इस अभियान के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल के अलावा कई अन्य देशों के नागरिक अपने मुल्क लौटे हैं। इसको लेकर भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना हो रही है और सभी शुक्रिया कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक ऑपरेशन गंगा के तहत भारत ने 9 बांग्लादेशी नागरिकों का यूक्रेन से रेस्क्यू किया है। बांग्लादेश के नागरिकों को रेस्क्यू किए जाने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहां है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने 'ऑपरेशन गंगा' के तहत यूक्रेन से अपने 9 नागरिकों को बचाने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। इस ऑपरेशन के तहत नेपाली, ट्यूनीशियाई छात्रों को भी बचाया गया।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि युद्धग्रस्त यूक्रेन के सूमी शहर से सभी भारतीय छात्रों को निकाल लिया गया है और छात्र बसों में सवार हो कर पोलतावा शहर के लिए रवाना हो गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया कि यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमने सूमी से सभी भारतीय छात्रों को निकाल लिया है। वे अभी पोलतावा शहर के लिए रास्ते में हैं जहां से वे पश्चिमी यूक्रेन के लिये रेलों पर सवार होंगे। उन्होंने कहा कि आपरेशन गंगा अभियान के तहत उड़ानों में उन्हें भारत वापस लाया



जायेगा। उल्लेखनीय है कि भारत, 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू होने के बाद से, पूर्वी यूरोपीय देश में फंसे 17,100 से अधिक भारतीय छात्रों को अब तक वापस ले आया है।

## शार्ट न्यूज

### थाना इकोटेक थ्री पुलिस ने बन्द मकानों का ताला काटकर घर में घुस कर चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**ग्रेटर नोएडा।** थाना इकोटेक थ्री पुलिस ने बुधवार को जनता की मदद से घर में घुसकर चोरी करने वाले दो अभियुक्तों विक्की पुत्र अरविन्द पाण्डेय निवासी ग्राम मलाही थाना पहाडपुर जिला मोतिहारी बिहार हाल निवासी सिटी लाईफ माल के पास भटा कालोनी थाना सैक्टर 39 नोएडा, नरेश पुत्र विघापति निवासी ग्राम शहर बननी जिला खगडिया बिहार हाल पता भाटी का मकान शर्मा डेरी के पास सलारपुर थाना सैक्टर 39 नोएडा को वादी के ग्राम कुलेसरा से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक लोहे की कटर बरामद की है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं ।जो बंद मकानों के ताले काटकर घर के अंदर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। जिनको रंगों हाथों पुलिस ने जनता के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मंगलवार को दो शातिर चोरों उत्तम पुत्र मनोरंजन मंडल निवासी कासिम बाजार पल्ला घाट थाना इंगलिस बाजार जिला मालदा पश्चिमी बंगाल हाल पता अग्गापुर झोंपड़ी सैक्टर 41 थाना सैक्टर 49 गौतमबुद्धनगर, राकेश पुत्र प्रेमपाल बाल्मीकि निवासी पुसगमां थाना बिलसी जनपद बदांयू हाल पता मंदिर के पीछे ग्राम बरौला थाना सैक्टर 49 गौतमबुद्धनगर को सैक्टर 42 नोएडा पार्क से गिरफ्तार कर लिया ।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल और एक लैपटॉप बरामद किया है ।अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं ।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### 26वीं मंजिल से गिरकर युवती की मौत

**नोएडा।** नोएडा में सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एटीएस वन हेमलेट सेक्टर-104 सोसायटी की 26वीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर एक युवती की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि घरवाले बता रहे कि उसने आत्महत्या की है। घटना मंगलवार सुबह की है। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। शुरुआती जांच में कोई सूइसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या समेत अन्य एंगल पर जांच कर रही है। एडीसीपी नोएडा जोन रणविजय सिंह ने बताया कि निकिता (31) सोसायटी के 26वीं मंजिल के फ्लैट में परिवार के साथ रहती थी। पिता बिजली विभाग में इंजीनियर हैं। निकिता इस समय सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी। सुबह के समय घरवाले सोए हुए थे। इस दौरान बाथरूम का शीशा टूटा और निकिता नीचे जा गिरी। मौके पर ही मौत हो गई। जांच में सामने आया है कि निकिता बैंक मैनेजर की नौकरी छोड़कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। लेकिन सफल न हो पाने के कारण वह तनाव में थी। सेक्टर-63 थाना प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पूछताछ में पता चला है कि वह कुछ कारणों से तनाव में थी। महिला एसआई व सिपाही ने उसकी काउंसलिंग की। थाने पहुंचे परिवार वालों को भी समझाया गया है।

### युवती ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांगे

नोएडा। युवती ने युवक से फेसबुक पर दोस्ती कर वीडियो कॉल करके उसकी अश्लील वीडियो बना ली। अब युवती वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर युवक से मोटी रकम मांग रही है। इसको लेकर पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक ने बताया कि वह सेक्टर-41 में रहता है। वह मूलरूप से उतराखंड का रहने वाला है। उसका कहना है कि कुछ समय पहले उसके फेसबुक पर युवती की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। उसने युवती की रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली। फिर दोनों के बीच फेसबुक पर बातचीत होने लगी। इसी दौरान युवती ने दीपक के पास फेसबुक पर वीडियो कॉल कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। उसने उसके कुछ फोटो भी खींच लिए। युवक का आरोप है कि युवती संबंधित वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रही है। वह इनको उसके रिश्तेदारों के पास भेजने की भी धमकी दे रही है। वह उनको ब्लैकमेल कर लाखों रुपये की मांग कर रही है। युवक ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कंपनी के पास नाले में ट्रक चालक का शव मिला

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र में साइट-5 स्थित कंपनी के पास नाले में ट्रक चालक का शव पड़ा मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। इस पर पुलिस ने बिसरा जांच के लिए लैब भेजा है। पुलिस का मानना है कि शराब के नशे में नाले में गिरने की वजह से ट्रक चालक की मौत हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से सिवान बिहार का रहने वाला राजेश्वर ट्रक चलाता था। वह सोमवार को साइट-5 स्थित कंपनी में ट्रक से कुछ सामान लेकर आया था। इसके कुछ देर बाद कंपनी के पास नाले में उसका शव पड़ा मिला। मृतक के सिर में चोट का निशान था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि बिसरा जांच के लिए लैब भेजा गया है। बिसरा की रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इस संबंध में पुलिस से किसी ने कोई शिकायत भी नहीं की है। हालांकि, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### मेट्रो ट्रैक पर महिला इंजीनियर ने किया आत्महत्या का प्रयास

नोएडा। परिजनों के शादी करने के दबाव से परेशान होकर एक महिला इंजीनियर ने मंगलवार शाम को इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से कूदने का प्रयास किया। जैसे ही वह बाउंड्री पर चढ़ी तो यात्रियों ने उसे पकड़ लिया। फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर युवती को अपने साथ ले गई। गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी 21 वर्षीय एक युवती स्वाति सेक्टर 63 के एच ब्लॉक में एक आईटी कंपनी में इंजीनियर है। युवती शाम करीब तीन बजे इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन पर पहुंची। यहां पर उसने स्टेशन की बाउंड्री पर चढ़कर नीचे कूदने का प्रयास किया। तभी मौके पर मौजूद यात्रियों ने उसको पकड़ लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी। सेक्टर 63 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को अपने साथ थाने लेकर आ गई। पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचना देकर थाने में बुलाया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि वह युवती की शादी करना चाहते हैं। जबकि अभी युवती शादी करने से इनकार कर रही है। शादी का दबाव बनाए जाने के चलते उसने आत्महत्या का प्रयास किया।

# 'प्राइड ऑफ़ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड समारोह 2022 इंडिया इंटरनेशनल सेंटर मे सम्पन्न हुआ

नई दिल्ली। नई दिल्ली ,सामाजिक , शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रो मे सक्रिय संस्था 'रिस्पेक्ट इंडिया' द्वारा प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम 'प्राइड ऑफ़ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड समारोह 2022 इंडिया इंटरनेशनल सेंटर मे सम्पन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष निर्मल गहलौत ने कहा की राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस सम्मान समारोह के लिए जूरी द्वारा 13 महिलाओं का चयन किया गया है । जूरी के अध्यक्ष श्री बी पी सिंह (पूर्व राज्यपाल ,सिक्किम ) थे। जूरी सदस्य के रूप मे श्री विकास सिंह ( अध्यक्ष ,सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन) प्रो. सुषमा यादव ( पूर्व कुलपति एवं सदस्य यु. जी. सी.) श्री संजीव कुमार ( अतिरिक्त सचिव, कृषि मंत्रालय ) प्रो. बलराम पाणि ( डीन ऑफ़ कॉलेजेज , दिल्ली विश्वविद्यालय ) श्रीमती सिबानी सुआइन ( पूर्व अतिरिक्त सचिव, श्रम मंत्रालय ) श्री बिनोद कुमार ( मुख्य लेखा नियंत्रक ,कृषि मंत्रालय ) श्री अमरेंद्र खटुआ ( पूर्व सचिन, विदेश मंत्रालय ) ने राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट योगदान के लिए 13 महिलाओ का चयन किया।

शिक्षा ,साहित्य ,कला ,संस्कृति ,खेल , प्रशासन ,महिला सशक्तिकरण, चिकत्सा ,पत्रकारिता , विज्ञानं , कृषि आदि क्षेत्रों मे अतुलनीय योगदान के लिए दिया जाने वाला % प्राइड ऑफ़ द नेशन एक्सीलेंस अवार्ड % इस वर्ष श्रीमती तारा गाँधी भटाचार्यजी ( प्रख्यात गाँधीवादी एवं लेखिका व पौत्री महात्मा गाँधी), प्रो. नजमा अख्तर ( कुलपति ,जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी ) डॉ. रूबी रेशी ( प्रिंसिपल एवं डीन, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बारामुला ) चन्दन चौधरी ( डी पी सी , दिल्ली पुलिस ) प्रो शमिका रवि ( प्रसिद्ध डाटा विश्लेषक ) डॉ नीतू सिंह ( असोसिएट प्रोफेसर ,आई आई टी , दिल्ली ) सुमन नलवा ( डी सी पी , दिल्ली पुलिस ) सुहानी मिश्रा ( निदेशक , रेलवे बोर्ड ) मंजुला सक्सेना ( निदेशक , गृह मंत्रालय ), नीतू सिंह ( संस्थापक , सिनी फाउंडेशन ) डॉ अनीता कुमारी ( रेडियोथेरेपी विभाग , नालंदा मेडिकल कॉलेज ) ममता सक्सेना ( प्रबंध निदेशक,एक्सेंचर ) राज्यश्री राय (प्रबंध निदेशक, एपीएन न्यूज़ ) को दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाश चौधरी (कृषि राज्य मंत्री, भारत सरकार ) अध्यक्षता श्री बाल्मीकि प्रसाद सिंह ( पूर्व राज्यपाल ,सिक्किम ) विशिष्ट अतिथि डॉ रोसलिन पटसानी मिश्रा ( संस्थापक , परिचय फाउंडेशन ) एवं श्री प्रियदर्शी मिश्रा ( विधायक एवं अध्यक्ष उड़ीसा आवास बोर्ड ) थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाश चौधरी ने अपने वक्तव्य मे कहा की भारतीय संस्कृति ,संस्कार और संविधान सभी मे नारी को सर्वोत्तम सम्मान दिया गया है। नारी शक्ति ने जिस शौर्य, साहस शक्ति ,और समर्पण से देश का इतिहास लिखा है , वह स्तुत्य है। पूर्व राज्यपाल श्री बी पी सिंह ने कहा की महिलाओ को समानता का दर्जा देना और उनके अधिकारों को सुरक्षित बनाना ही, उनके प्रति सम्मान प्रकट करना है। मानवता का इतिहास महिलाओं के योगदान के बगैर संभव नहीं है। संस्था के अध्यक्ष और प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ निर्मल गहलौत ने कहा की स्त्री शक्ति का इतिहास और वर्तमान गौरव और प्रेरणा का मार्ग दिखलाता है। जिस पर चलकर ही मानवता का कल्याण संभव है। कार्यक्रम मे पूर्व राज्यसभा सांसद जे के जैन एवं आइसलैंड के एम्बेसडर गुडई बरगासों, डोमिनिकन रिपब्लिक के सेक्रेटरी फ्रांसिस्को सोलोमन, लिबयान एम्बेसडर अहमद गेब्रील ,म्यांमार एम्बेसडर मोए क्याव औंग,अर्जेंटीना एम्बेसडर ह्यूगो जेवियर गोब्बी आदि की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम मे दौलतराम कॉलेज की %टीम अलैया % की संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांगना शर्मा ने किया एवं आगत अतिथियों के प्रति आभार रिस्पेक्ट इंडिया के महासचिव डॉ. मनीष के. चौधरी ने दिया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस लाइंस गौतमबुद्धनगर में खादी हैंडलूम शेड का किया गया शिलान्यास






**नोयडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के उपलक्ष्य में मंगलवार को पुलिस लाइंस परिवार की महिलाओं को रोजगार दिलाने व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जून 2021 में खादी ग्रामोद्योग की सहायता से पुलिस लाइंस में 25 सोलर चरखे स्थापित किए गए थे और उनको ऑपरेट करने की ट्रेनिंग भी दी गई थी जिससे आज कई महिलाएं निरंतर रोज़गार ले रही हैं ।इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह व आकांक्षा सिंह अध्यक्षा वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के द्वारा खादी हैंडलूम शेड का शिलान्यास किया गया है। जिसमें हैंडलूम मशीन लगाई जाएंगी जिससे की सोलर चरखे से बनने वाले धागे को इस्तमाल कर विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जा सकें और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकें ।इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था लव कुमार, अपर पुलिस आयुक्त भारती सिंह सहित पुलिस कमिश्नरेट के अन्य अधिकारी व पुलिस लाइंस परिसर में आवासित कई महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## सिविल सेवा में चयन न होने से हताश युवती ने दी जान

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 104 स्थित एटीएस वन हेमलेट सोसाइटी निवासी पूर्व महिला बैंक अधिकारी ने मंगलवार सुबह छह बजे 26वीं मंजिल से कूदकर जान दी। जांच में सामने आया है कि युवती पिछले दो साल से सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी। इसमें असफल होने के बाद वह तनाव में थी। एडीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि फतेहपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के गांव अलदौर निवासी राजेश सिंह मेरठ बिजली विभाग में सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत है। वह परिवार के साथ सेक्टर 104 स्थित एटीएस वन हेमलेट सोसाइटी की 26वीं मंजिल पर फ्लैट नंबर 9261 में रहते हैं। जानकारी के अनुसार उनकी 31 साल की बेटी निकिता सिंह सुबह छह बजे बाथरूम में गई थी। इसी बीच उसने बाथरूम की खिड़की का शीशा तोड़कर नीचे छलांग लगा दी। इससे मौके पर ही निकिता की मौत हो गई। उनके शरीर के कई हिस्से फट गए। सुरक्षाकर्मियों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

निकिता के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो साल से सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी। वह परीक्षा में दो बार विफल हो गई थी। इससे वह तनाव में रहती थी। इसके कारण उसने आत्महत्या का कदम उठाया।

## शिशु अस्पताल में हड्डी के कैंसर का इलाज शुरू होगा

नोएडा। बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थान में असाध्य रोग योजना के तहत हड्डी के कैंसर का इलाज, लिवर के बीमारियों का इलाज और और हार्ट सर्जरी का इलाज शुरू करने की तैयारी है। वर्तमान में यहां सिर्फ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आने वाले लाभार्थियों का ही इलाज हो रहा है। नई योजना के तहत इलाज के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

असाध्य रोग योजना के तहत ज्यादातर बच्चों का इलाज संभव हो पाएगा। अभी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों का ही इलाज हो पा रहा है। जिससे लिवर, कैंसर, हृदय से संबंधित गंभीर बीमारियों का इलाज सभी बच्चों के लिए संभव नहीं हो पा रहा है। अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर के शुरू करने की भी तैयारी है। खासकर आपातकालीन विभाग में व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कई काम किए गए हैं। ताकि यहां आने वाले बच्चे दूसरे अस्पतालों में रेफर न हों। उनका इलाज यहीं हो सके।

बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि आने वाले अस्पताल में जिनते भी चिकित्सकीय विभाग हैं उनको और भी बेहतर करने का काम शुरू कर दिया गया है।

आपातकालीन विभाग में कई सुविधाएं दी गई हैं। नई योजना के तहत इलाज के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, जल्द ही इसकी अनुमति मिलने की उम्मीद है।

## फेस्टा के परमजीत सिंह पम्मा चेयरमैन नियुक्त राकेश यादव निर्वाचित अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की घोषणा की गई श्री मनोहर लाल कुमार जी की मृत्यु के बाद चेयरमैन की पोस्ट खाली थी जिसमें तीन नाम प्रमुख में थे श्री चमन लाल मारवाह,पवन कुमार व परमजीत सिंह पम्मा श्री चमन लाल मारवाह व प्रकाश महिंदरू को पैटर्न नियुक्त किया गया जबकि पवन कुमार को काविनर नियुक्त किया गया चेयरमैन के लिए परमजीत सिंह पम्मा की घोषणा की गई वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, राजकुमार, राजकुमार सपरा को नियुक्त किया गया वही प्रधान के चुनाव की घोषणा की गई थी जिसकी नॉमिनेशन भरने की तिथि 8 मार्च शाम 5 बजे तक थी और 9 मार्च को चुनाव होना था मगर किसी भी सदस्य ने वर्तमान अध्यक्ष राकेश कुमार यादव के खिलाफ फार्म नहीं भरा इसलिए निर्वाचित चुन लिए गए फिर राकेश यादव ने सब का धन्यवाद करते हुए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह,रोशन लाल आनंद वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह छाबड़ा, राजकुमार गुप्ता, राकेश महाजन,भाई शाकिर हुसैन, राजीव छाबड़ा सुरेंद्र महिंदरू, सुरेंद्र भारती नियुक्त हुए।

महासचिव में रजिंदर शर्मा सुधीर जैन,कमल कुमार, सतपाल सिंह मंगा कोषाध्यक्ष राज सचदेवा,उपकोषाध्यक्ष आशीष, गोपाल ग्रोवर मुकेश अग्रवाल संगठन मंत्री कन्हैयालाल रघवानी नियुक्त हुए।

राकेश यादव ने बताया एडिक्शन ऑफ सदर बाजार एसोसिएशन में 83 एसोसिएशन शामिल है इस पर सदर बाजार पुलिस स्टेशन बाड़ा हिंदू राव और नबी करीम तक की मार्केट में शामिल हैं यादव ने बताया कि युवाओं को विभिन्न उच्च पदों पर प्रमुख स्थान के साथ-साथ अनुभवी लोगों को साथ में रखा गया है। यहां तक कि महिलाओं को भी इस बार साथ में जोड़ा गया है। इस अवसर पर चुने गए सभी पदकार्यों का स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश गोयल, अर्थिका चावला, अनिल सहगल, अनिल गुप्ता राखी वाले, अशोक मग्गो, भारत भूषण गोगिया, दीपक मित्तल, हरजीत सिंह छाबड़ा, कमल कुमार गुप्ता, किशन चंद्र रवेल, रमेश सचदेवा, राजेश अरोड़ा, संजय बंसल, संजय अग्रवाल, सुभाष दुआ, रमेश भंडारी, विकास गुप्ता, विजय घई,नरेश ढींगरा, मनोज, हुकमचंद नाकरा, सुरेश जैन, श्यामसुंदर गोयल, वरिंदर चावला,नवीन, सुभाष पारेख,विजय अब्रोलो बनाए गए हैं। सचिव में श्यामसुंदर रस्तोगी, तरलोचन सिंह,आमिर खान, दिलीप सचदेवा,श्रवण कुमार रोहरा,विपिन चौधरी, डीके ढींगरा, आदर्श कुमार, गुलशन खुराना को नियुक्त किया।

## एमबीबीएस कालेज में दाखिला कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गैंग की तीन महिलाओं सहित पांच अभियुक्तों गिरफ्तार




नोयडा। थाना सेक्टर 58 पुलिस ने बुधवार को एमबीबीएस कालेज में दाखिला कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गैंग का पर्दाफाश कर तीन महिलाओं सहित पाँच अभियुक्तों दिपेश पुत्र शिव सिंह निवासी गली नंबर 3 रामबाग कालोनी रामघाट रोड थाना क्वारसी जिला अलीगढ,अवनीश श्रीवास्तव पुत्र जितेन्द्र श्रीवास्तव निवासी मकान नंबर ए/204, आवास विकास कालोनी सूरजकुण्ड गौरखपुर हाल पता फ्लैट नंबर 280,110 मकान नंबर 14 एवेन्यू एन टावर गौर सिटी-2 थाना बिसरख जिला गौतमबुद्धनगर, दिव्या मिश्रा पत्नी सौरव द्विवेदी निवासी मौहल्ला इन्द्रनगर दिव्यापुर जिला औरेया हाल पता प्लाट नंबर 16 दिव्यांश फ्लोरा गौर सिटी-2 थाना बिसरख जिला गौतमबुद्धनगर, कनिका ओझा उर्फ कविता पुत्री आख्या प्रसाद ओक्षा निवासी मकान नंबर 80 कडहेरा मोल नगर थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद, निधि मारवा पत्नी सुनील कुमार मारवा निवासी एफ/4 पश्चिमी चन्दर नगर जगतपुरी दिल्ली को आईथम टावर सेक्टर-62 नोएडा गिरफ्तार कर लिया ।अभियुक्त अवनीश श्रीवास्तव उक्त कम्पनी में एचआर मैनेजर व अभियुक्त दीपेश टेलीकॉलर के पद पर कार्य करता है व निधि मारवा एचआर का कार्यभार देखती है। इन लोगो ने बताया कि हम लोगो की कम्पनी कैरियर ऐडमीशन काउंसलिंग के तहत सैक्टर-62 नोएडा नोएडा-1 ब्लाक सी व टावर ए 811 आईथम टावर सैक्टर-62 में स्थित है। दिव्या मिश्रा ने बताया कि जीनत अली जैदी मैडम अपने बेटे अतुल अली व बेनजीर अली हम लोगों से आकर सम्पर्क किये थे इनके साथी राजेश सानडिल जो दिल्ली के रहने वाले है इन्होने अपने बेटे निशान्त सानडिल एमबीबीएस में एडमिशन कराने के लिये तथा गुंजन रावत जो दिल्ली की रहनी वाली है इन्होने शारदा मेडीकल कॉलेज मे काउन्सलिंग कराने के लिये हम लोगो को सात लाख रूपये दिये थे। तब हम लोगों ने गुंजन रावत शारदा मेडीकल कालेज में एडमीशन के लिये काउन्सलिंग लेटर जारी किया था। उपरोक्त अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया कि जीनत अली जैदी से 32 लाख रूपये व राजेश सानडिल से 4.5 लाख रूपये हम लागों ने सरोजनी नायडू मेडीकल कॉलेज आगरा के लिये लिये थे। तथा इन लोगों को भी काउन्सलिंग लेटर अपने आफिस से जारी किये थे। उपरोक्त अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया कि हमारी कम्पनी में उज्जवल सीईओ,अर्नव सिंह एडिसनल हेड,शैलेन्द्र ब्रांच हैड,रितेश सेन्टर हेड, रीतु गुप्ता कोडीनेटर,शाशिकान्त एडिसनल कोडिनेटर, कुन्दन तथा हीरालाल सीईओ उज्जवल के सहायक है। इन सभी के विषय में पूछताछ की गयी तो गिरफ्तारशुदा अभियुक्त अवनीश श्रीवास्तव, दिव्या मिश्रा, निधि मारवा, कनिका ओझा व दिपेश ने बताया कि वह आठ लोग है सब के सब 2-3 दिनों से फरार है क्योकि जीनत अली जैदी मेडम हमारे सेन्टर पर आकर कहने लगी थी कि सरोजनी नायडू मेडीकल कालेज वाले हमारे बच्चो को एडमीशन ले कर हमारे बच्चो को भगा दिये है तभी से वह आठ लोग फरार हो गये। इस तरह गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों अवनीश श्रीवास्तव, दिव्या मिश्रा, निधि मारवा, कनिका ओझा व दिपेश से पूछताछ करने के पश्चात इस फर्जीवाडे का पर्दाफाश हुआ है ।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा-व्यवस्था हेतू पुलिस बल को किया ब्रीफ

### पुलिस कमिश्नर निर्वाचन मतगणना को लेकर नवीन फूल मंडी सेक्टर-88 नोएडा में बने स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

संवाददाता



**नोयडा।** उत्तर प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2022 मतगणना के दृष्टिगत बुधवार को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा थाना फेस टु अन्तर्गत नवीन फूल मंडी सेक्टर 88 स्थित मतगणना स्थल पहुंचकर मतगणना के दिन रहने वाली बैरिकेटिग एवं वाहनों की उचित पार्किंग की व्यवस्था हेतु,किसी भी प्रकार से अनावश्यक आवागमन न होने व अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस बल की ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग के दौरान निर्देशित किया गया कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक व ज्वलनशील पदार्थ/इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स आदि लेकर नहीं आयेगा।

सभी मीडियाकर्मियों व प्रत्याशियों/पोलिंग ऐजेन्ट व मतगणनाकर्मी तथा पुलिसकर्मियों की एंट्री पॉइंट्स को लेकर को संबंधित को निर्देशित किया गया साथ ही यातायात का रूट डायवर्जन के संबंध में जारी की गयी एडवाजरी का भी पालन सुनिश्चित कराने के लिये डीसीपी ट्रैफिक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग के उपरान्त पुलिस कमिश्नर द्वारा ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था व निर्वाचन मतगणना को लेकर नवीन फूल मंडी सेक्टर-88 नोएडा में बने स्ट्रॉन्ग रूम परिसर का निरीक्षण करते हुए इस दौरान वहां ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को किसी भी संदिग्ध वाहन/व्यक्ति को अंदर प्रवेश ना करने के लिए भी निर्देशित किया। मतगणना स्थल की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में लगे( इनर कॉर्डन, मिडिल कॉर्डन एवं आउट कॉर्डन) सीआरपीएफ,पीएसी व सिविल पुलिस के जवानों को अपनी-अपनी ड्यूटी पर सतर्कता से ड्यूटी करने के लिये निर्देशित किया गया। उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया और कैमरों की लाइव रिकॉर्डिंग चेक की गई एवं वहां कंट्रोल रूम में मौजूद ऑपरेटर को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कड़ी निगरानी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। स्ट्रॉन्ग रूम परिसर की 24 घंटे लाइव रिकॉर्डिंग हो रही है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अन्तर्गत कुल तीन विधानसभाओं नोएडा विधानसभा की 20 टेबल, दादरी विधानसभा के 20 टेबल व जेवर विधानसभा के 14 टेबलों की मतगणना की जायेगी।

उक्त ब्रीफिंग/निरीक्षण के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा, पुलिस उपायुक्त नोएडा, पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक, अपर पुलिस उपायुक्त कानून एवं व्यवस्था/स्टाफ ऑफिसर, अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा, अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

## दिल्ली : दो नाबालिग बच्चियों के साथ दरिंदगी, बेल्ट से की पिटाई

नई दिल्ली। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में नाबालिग बच्चियों के साथ दरिंदगी की वारदात सामने आई है। पहला मामला करोल बाग का है। जहां आईबी से सेवानिवृत्त एसीपी ने एक होटल में 17 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। वहीं, दूसरे मामले में नजफगढ़ में पड़ोसी ने 13 वर्षीय नाबालिग को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया और बेल्ट से जमकर पिटाई भी की। दोनों मामलों में पुलिस ने पीड़ित बच्चियों का मेडिकल कराने के बाद केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पहला मामला वसंत विहार इलाके का है। जहां पीड़िता परिवार के साथ रहती है। पीड़िता ने बताया कि वह दसवीं कक्षा में है। कोरोना काल में पिता की नौकरी छूटने के बाद घर की आर्थिक स्थिति खराब है। ऐसे में वह भी नौकरी की तलाश कर रही है। पीड़िता ने बताया कि उनके पिता के दोस्त तीन माह पहले आईबी से सेवानिवृत्त हुए हैं। पिता ने उसने ब्यूटी पार्लर में पीड़िता की नौकरी लगवाने के लिए कहा था। जिसके बाद आरोपी ने सात मार्च की दोपहर पीड़िता को मोती बाग मेट्रो स्टेशन के पास बुलाया था। आरोपी पीड़िता को लेकर करोल बाग स्थित एक होटल में गया। जहां ब्यूटी पार्लर का मालिक आया था। आरोपी ने कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद घर के बाहर छोड़ कर चला गया। पीड़िता ने अपने पिता को आप बीती बताई। पिता की शिकायत पर करोल बाग थाना पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

दूसरे मामले में पीड़ित बच्ची परिवार के साथ नजफगढ़ के जय विहार में रहती है। सोमवार दोपहर बच्ची की पड़ोसी के घर मां को ढूंढने गई थी। जहां घर में मौजूद आरोपी ने उसको बंधक बना लिया। बच्ची ने शोर मचाया तो आरोपी ने बेल्ट से उसकी पिटाई की और उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची के हाथ पैर बांध कर कमरे में बंद कर दिया। कुछ देर बाद पड़ोसी के घर से बच्ची के रोने की आवाज सुनकर महिला मौके पर पहुंची और बच्ची को मुक्त कराया। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी।

## शार्ट न्यूज

### सपा ने की मतगणना का वेब कास्टिंग लिंक उपलब्ध कराने की मांग

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर यूपी विधानसभा चुनाव की मतगणना की वेब कांस्टिग कराये जाने तथा वेब कांस्टिग का 'लिंक' राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराये जाने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बुधवार को कहा कि मौजूदा चुनाव में प्रदेश के सभी जिलों की हर विधान सभा में मतदान के दिन 50 प्रतिशत से अधिक मतदेय स्थलों पर वेबकांस्टिग कराई गई है। वेबकांस्टिग का लिंक केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी को दिया गया था। आयोग के अधिकारी मतदान को ''लाईव'' देख रहे थे। दस मार्च को हर विधान सभा में मतगणना की वेबकांस्टिग कराई जाय तथा उसका ''लिंक'' राजनैतिक दल मतगणना को ''लाईव'' देख सके, जिससे पारदर्शी, स्वतंत्र, निष्पक्ष मतगणना सम्पन्न हो सके।

### ललितपुर : शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर पुत्र ने की पिता की हत्या

ललितपुर। उत्तर प्रदेश में ललितपुर के जखौरा थानाक्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपये न देने पर बेटे के अपने ही पिता की हत्या कर देने का मामला प्रकाश मे आया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जखौरा थानाक्षेत्र के कारी गांव निवासी गेंदालाल (80) ने आज इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि गेंदालाल के सात बेटे हैं और इनमें से कमलेश सबसे छोटा है। वह शराब पीने का आदी है। मंगलवार देर शाम जब कमलेश घर आया तो उसने पिता से शराब पीने के लिए पैसे मांगे । गेंदालाल के इनकार करने पर दोनों के बीच बहस हो गयी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि कमलेश ने गेंदालाल को लाठी डंडों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल बुर्जुग की पत्नी मुन्नी अपने पति को चिकित्सालय उपचार के लिए लेकर गई। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी ने बताया कि उसके घायल पति ने मारपीट की बात बताई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना को अंजाम देकर कमलेश मौके से फरार हो गया और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। परिजनों ने बताया कि कमलेश नशे का आदी है और अकसर शराब पीने के लिए पैसे मांगता है तथा घरवालों से मारपीट करता था।

### फर्रूखाबाद में नमकीन कारखाने में आग,25 लाख का माल स्वाहा

फर्रूखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रूखाबाद जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में बुधवा को नमकीन बनाने वाले कारखाने में आग लगने से करीब 25 लाख रूपये का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोहल्ला नई बस्ती पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव के पड़ोस के एक मकान में सतेन्द्र यादव उर्फ पप्पू पुत्र जगत सिंह यादव का नमकीन बनाने का कारखाना है। आज दोपहर अचानक बिजली शॉर्ट सर्किट से इस कारखाने में आग लग गई। मकान में पुरानी धन्नी, दरवाजा, चौखट लकड़ी होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस अग्निकाण्ड में कारखाने के अन्दर रखे करीब 100 पीपे घी, 150 बोरी बेसन, 150 पीपा रिफाइण्ड, 400 किलो मसाला, करीब 10 कुंतल मूंगफली दाना, कूलर, टीवी, मशीन व अन्य सामान अनुमानित 25 लाख रूपये का जलकर राख हो गया। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों की मदद से जवानों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### सोनभद्र में एसडीएम घोरावल हटाये गये

सोनभद। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की चारों विधान सभा सीटों के लिए हुए मतदान के लिए मतगणना स्थल के बाहर मंगलवार को उप जिलाधिकारी के वाहन में से मिली बैलेट पर्चियों और उसके बाद सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गये हंगामे के मामले को निर्वाचन आयोग के बड़े अधिकारियों ने गम्भीरता से लेते हुए रिर्टनिंग आफिसर/ उप जिलाधिकारी घोरावल को वहां से हटा दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी टी के शिबू ने बुधवार को बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश के तहत विधानसभा 400 घोरावल के रिर्टनिंग आफीसर रमेश कुमार को हटा दिया गया है। उनके स्थान श्याम प्रताप को नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा घटना को और गम्भीरता से तब लिया गया जब सपा सुप्रीमो अखिलश यादव ने इसे प्रशासन की मिली भगत और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में कार्य करने का आरोप लगा दिया।

### इटावा में किसान सम्मान निधि में फर्जीवाड़ा, 2255 से वसूली की तैयारी

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में किसान सम्मान निधि योजना में फर्जीबाड़ा का खुलासा होने के बाद 2290 अपात्र लोगों को रिकवरी नोटिस जारी किया गया है जिनमें अब तक सिर्फ 35 ने रकम लौटायी है। इटावा के कृषि उपनिदेशक आरएन सिंह ने बुधवार को बताया कि किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाले 2290 लोग पात्रता की शर्ते पूरी नहीं करते है फिर भी उन्होने लाभ हासिल कर लिया है। सत्यापन के बाद ऐसे लोगों से रिकवरी के लिए नोटिस भी जारी कर दिया गया है हालांकि इनमे अभी तक 2255 लाभार्थियो ने निधि की राशि वापस नही लौटाई है। उन्होने कहा कि अगर इन किसानों ने स्वेच्छा से सम्मान निधि का पैसा नहीं लौटाया तो जुर्माना लगाकर 15 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि वसूल की जाएगी। उसके बाद भी धनराशि जमा न करने पर खाता सीज करा दिया जाएगा। सिंह ने बताया कि एक दिसंबर 2018 से केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना शुरू की। इसमें किसानों के बैंक खाते में तीन किस्तों में छह हजार रुपये भेजे जाते हैं। शुरुआत में किसानों को स्वलिखित शपथपत्र के आधार पर लाभ दे दिया गया। इससे बहुत से अपात्र किसानों ने भी जानकारी छिपाकर लाभ ले लिया। इटावा जिले में सम्मान निधि लेने वाले 2290 अपात्र किसान चिह्नित हो चुके हैं। इनमें आयकर दाता, सरकारी पेंशनर, शिक्षामित्र और एक ही परिवार के कई सदस्य शामिल हैं। कृषि उपनिदेशक ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले अपात्र किसानों को नोटिस जारी किए गए थे। 35 किसानों ने 3.10 लाख रुपये लौटा दिए हैं। अन्य किसानों को दोबारा नोटिस भेजे जाएंगे। राशि न लौटाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इटावा जिले में बड़ी संख्या में किसानों की सम्मान निधि रुक भी गई है। इसकी कई वजह हैं। कई किसानों ने दो-दो बार रजिस्ट्रेशन करा दिया है, तो कुछ के रिकार्ड में दो-दो बैंक खाते जुड़ गए हैं। कई किसानों ने पहले दूसरा बैंक खाता दिया था, बाद में दूसरे बैंक खाते में आधार कार्ड अपडेट कराया तो पहले वाले खाते में सम्मान निधि आना बंद हो गई।

# ईवीएम और मतपत्रों से छेड़छाड़ की भाजपा की साजिश : शिवराम कुशवाहा




झांसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति के आधार पर झांसी जिले की चारों विधानसभाओं की मतगणना के प्रभारी नामित किये गये जालौन के पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर ईवीएम और मतपत्रों से छेड़छाड़ कर लोकतंत्र की हत्या करने की साजिश करने का आरोप लगाया।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा की वोट चोरी की रणनीति हर मोर्चे पर विफल बनायेंगे। प्रशासन में बैठे सच्चे अधिकारियों, सच्चे पुलिसकर्मी, सच्चे पत्रकार, किसान और नौजवान, जिन्होंने बदलाव के लिए ईमानदारी से वोट दिया है, वे आगे आएं और लोकतंत्र को बचाने का काम करें । समाजवादी पार्टी हर उस रास्ते को अपनाएगी जहां पर लोकतंत्र को बचाया जा सके ।

उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर, सोनभद्र, बरेली और बनारस में ईवीएम से संबंधित घटनाएं घटित हुई हैं , वह मतगणना के दिन बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रही हैं। ईवीएम खुलेआम जा रही है , बैलेट पेपर कूड़ेदान में मिल रहे हैं, इसके लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है। ये लोकतंत्र का आखिरी चुनाव है, इसके बाद आज़ादी की लड़ाई जैसी क्रांति करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर हम लोग मतगणना समाप्त होते ही सर्टिफिकेट प्राप्त किये बगैर नहीं जाएंगे। ईवीएम की गिनती समाप्त होने से पहले सभी डाकमतपत्रों की गिनती के लिए आरओ को कहा जायेगा । भाजपा की साजिश मतपत्रों और ईवीएम से छेड़छाड़ कर लोकतंत्र को लूटने की है, लेकिन इस को हमें विफल करना है । राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में इस बार समाजवादी सरकार पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है । स्ट्रांग रूम की तरफ जाने वाले हर एक व्यक्ति और गाड़ी को समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा मतगणना शुरू होने तक चेक किया जाएगा ।

जनता, पंचायत चुनाव के दौरान भी भाजपाइयों की बेईमानी देख चुकी है कि किस प्रकार से जिला पंचायत सदस्यों को अगवा किया गया और नामांकन करने जा रही महिला की साड़ी खींची गई ।

ओम प्रकाश राजभर जब नॉमिनेशन फाइल करने गए बेटे के साथ तब उन पर हमला हुआ क्या कार्रवाई की गई जब स्वामी प्रसाद मौर्य जी की गाड़ियां तोड़ी गई तो क्या कार्रवाई की गई उन्होंने कहा की वोट बचाने के लिए हमें अखंड प्रहरी की तरह बैठना पड़ेगा और जब हमारे किसान बैठ सकते हैं तो यह तो एक दिन की बात है ।

कुशवाहा ने कहा हम जैमर की मांग इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आशंका है कि कहीं ना कहीं टेक्नालॉजी ऐसी है कि उसे फेरबदल किया जा सकता है , प्रभावित किया जा सकता है । आखिर ईवीएम के ट्रांसपोर्टेशन में चुनाव आयोग की गाइडलाइंस का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है ? समाजवादी पार्टी के निर्देश पर हम मतगणना के लिए प्रभारी बनकर आए हैं और हमारी पार्टी के कार्यकर्ता दसों हजार की संख्या में मतगणना केंद्र के बाहर उपस्थित रहेंगे ।

इस दौरान झांसी सदर सीट से विधान सभा प्रत्याशी सीताराम कुशवाह, बबीना से प्रत्याशी यशपाल सिंह, मऊरानीपुर से प्रत्याशी तिलक यादव तथा गरौठा से प्रत्याशी दीप नारायण सिंह यादव सहित समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री अजय सूद , महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम सहित अनेक सपा नेता मौजूद रहें।

# जनआकांक्षा और सत्तालोलुपता के बीच जंग में 10 मार्च का दिन निर्णायक : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनआकांक्षा और सत्तालोलुपता के बीच जंग में 10 मार्च का दिन निर्णायक सिद्ध होगा।

यादव ने गुरूवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा को यह अहसास हो गया है कि जनता ने उसको सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है इसीलिए वह षडयंत्र और साजिशों का सहारा ले रही है। भाजपा झूठ, फरेब और छलछद्म की राजनीति करने से बाज आने वाली नहीं है। अपनी खीझ मिटाने के लिए भाजपा नेता अफवाहबाजी के साथ वोटों की हेराफेरी के दुष्प्रयास में जुट गए हैं। जनता में भ्रम फैलाने के लिए एक्जिट पोल का सहारा लिया गया है, जिसकी जनता ने पोल खोल दी है।

उन्होने कहा कि भाजपा द्वारा समाजवादी साथियों के मनोबल को तोड़ने की हरकतें की जा रही है लेकिन ऐसी किसी भी हरकत का कोई असर नहीं होगा।

जनता ने स्वयं यह माना है कि विधानसभा चुनाव 2022 लोकतंत्र और संविधान की प्रतिष्ठा बचाना उनका नैतिक धर्म है। राज्य कर्मचारियों सहित बेरोजगारी से पीड़ित नौजवानों और भाजपाई कुनीतियों से त्रस्त किसानों, गरीबों ने भाजपा की कारगुजारियों को उजागर कर उनको सबक सिखाने का काम किया है। जनता ने समाजवादी गठबंधन को हृदय से अपना शुभचिंतक माना है।

यादव ने कहा कि भाजपा संविधान की मर्यादा से खेल करते हुए प्रशासन तंत्र को भी दबाव में लेकर अपनी स्वार्थपूर्ति के काम में लगी है। भाजपा को कोई लोकलाज नहीं रह गई है। वह लोकतंत्र की पवित्रता को नष्ट करने में तुली है। लोकमत को लूटने के किसी भी दुस्साहस को जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

## सपा जीत रही है तभी भाजपाई धांधली की कोशिश में है : अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद मतगणना में गड़बड़ी करने की आशंका जताते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मतगणना केन्द्रों पर मुस्तैद रहने की अपील की है। अखिलेश ने गुरुवार को होने वाली मतगणना में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की ओर से गड़बड़ी करने की आशंका जतायी है। गौरतलब है कि मंगलवार को वाराणसी में एक वाहन से ईवीएम ले जाये जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अखिलेश ने ईवीएम में हेराफेरी की आशंका जताते हुए पार्टी की ओर से चुनाव आयोग में भी इसकी शिकायत की। उन्होंने ट्वीट कर सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा, मतगणना केंद्रों को 'लोकतंत्र का तीर्थ' समझकर वहाँ जाएं और डटे रहें और सत्तापक्ष द्वारा चुनाव परिणाम में हेराफेरी की हर साज़िश को असंभव बना दें। सपा-गठबंधन की जीत हो रही है, तभी तो भाजपाई धांधली की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सपा की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए वाराणसी के जिला निर्वाचन अधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि उक्त ईवीएम मतगणनाकर्मियों के प्रशिक्षण के लिए एक वाहन से ले जायी जा रही थीं ।

## कुशीनगर में कुओं के संरक्षण को लेकर प्रशासन गंभीर

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कुओं को संरक्षित करने की योजना बनाई गई है। जो कुएं जर्जर हालत में हैं, उन्हें ध्वस्त किया जाएगा और जो कुएं ठीक हालत में हैं, उन्हें संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए डीपीआरओ ने ग्रामीण क्षेत्र के कुओं का सर्वे करने का निर्देश दिया है।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पिछली 18 फरवरी को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया स्कूल टोला में हल्दी की रस्म के दौरान आयोजित मटकोड़ के समय कुएं में गिरने से दो बच्चियों समेत 13 महिलाओं की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद गांव से लेकर जिला अस्पताल तक रात भर डीएम और एसपी समेत कई अफसर और परिजन परेशान थे। कई दिनों तक गांव में मातम छाया रहा। उस घटना के बाद प्रशासन कुओं के संरक्षण के प्रति गंभीर हो गया है। उसके बाद प्रशासन ने कुओं के संरक्षण को लेकर गंभीरता दिखाई है।

डीपीआरओ ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कुओं की वास्तविक स्थिति का सर्वे कर विभाग को उपलब्ध कराने के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया है।

सूत्रों ने बताया कि जिले में 1,003 ग्राम पंचायतें और 1,469 राजस्व गांव हैं। प्रत्येक गांव में तीन से चार की संख्या में कुएं हैं।

## बरेली में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चुनाव काज से मुक्त

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिला स्थित बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र से मतदान सामग्री और बैलट बॉक्स आदि कूड़ा ढोने वाली बाले नगर पालिका वाहन द्वारा लादकर मतगणना स्थल पर पहुंचाने के प्रकरण में जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है।

आयोग से अनुमति मिलने के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) वीके सिंह को चुनाव प्रक्रिया से हटा दिया गया है, इसके साथ ही आरओ/ रिटनिंग अफसर /एसडीएम बहेड़ी को पद से हटा दिया गया है। दोनों अधिकारियों की जगह पर दूसरे अधिकारी तैनात कर दिया गया है।

विधानसभा बहेड़ी विधानसभा से संबंधित चुनाव सामग्री और बैलट बॉक्स आदि नगर पालिका की कूड़ा ढोने वाली गाड़ी से जिला मुख्यालय स्थित मतगणना स्थल पर लाया गया था। यह सब एसडीएम बहेड़ी पारुल तरार के निर्देशन पर हुआ। जांच में दोषी पाए जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने आयोग से दिशा निर्देशन मांगा। आयोग से मिले निर्देशन पर तत्काल प्रभाव से एसडीएम/ निर्वाचन अधिकारी बहेड़ी पारुल तरार को पद से हटा दिया है, उनकी जगह एएसडीएम सदर बरेली राजेश चंद्र को तैनात किया गया है।

इसके साथ ही चुनाव प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह पर भी गाज गिरी है, उनसे निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी सभी दायित्व छीन लिए गए हैं। उनके जगह पर अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व सन्तोष बहादुर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी अन्य दलों के नेताओं ने इस मामले में मंगलवार देर रात तक हंगामा किया था। जिलाधिकारी ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और मतगणना स्थल पर बहेड़ी से लाया गया वाहन कलेक्ट्रेट रवाना किया और चुनाव संबंधी सामग्री स्ट्रांग रूम में रखवा कर सुरक्षित कराया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की प्रक्रिया के अंतर्गत परसाखेड़ा स्थित मतगणना स्थल पर अपर ज़िलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सम्बंधित आरओ, बहेड़ी द्वारा मतदान सामग्री के बॉक्स को भंडारण से मतगणना कक्ष तक लाया जा रहा था। अपर ज़िलाधिकारी/ उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर लाए जा रही। इस सामग्री पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों द्वारा विरोध किया गया।

ज़िलाधिकारी ने बताया कि उनके विरोध के बाद मतदान सामग्री को भंडारण कक्ष में पुन रखवाकर सील कर रखवा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकरण की जांच में दोषी पाए हुए दो अफसरों पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया गुरुवार 10 मार्च सुबह से निश्चित समय पर मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में होगी।

## योगी संग हेलीकॉप्टर में बैठ गदगद हुए बच्चे



**गोरखपुर।** गोरखपुर में नथमलपुर के आसपास के बच्चों के लिए आज के दिन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादगार बना दिया। लखनऊ लौटते समय एमपी पालीटेक्निक हैलीपैड पर पहुंचे सीएम योगी ने पहले से उनका इंतजार कर रहे बच्चों के बीच पहुंचे और सभी को चाकलेट देकर प्यार दुलार किया।

बच्चों की इच्छा पर सभी बच्चों को उन्होंने हैलीकॉप्टर में एक चक्कर घुमाने के लिए बैठाया, लेकिन हेलीकॉप्टर के स्टार्ट होते ही कुछ बच्चे डर गये । लिहाजा बच्चों को उतारकर मुख्यमंत्री लखनऊ के लिए रवाना हो गये । बच्चे भी हेलीकॉप्टर पर बैठने की खुशी समेटे अपने घरों को लौट गये ।

चुनाव प्रचार के बाद चार दिनों के गोरखपुर प्रवास के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ रवाना होने के लिए बुधवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे महाराणा प्रताप पालीटेक्निक कैंपस में स्थायी रूप से बने हैलीपैड पर पहुँचे, जहाँ पहले से ही 18- 20 की संख्या में छोटे- छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग मुख्यमंत्री से मिलने के इंतजार में बैठे थे। हैलीपैड पर पहुँचते ही सीएम योगी बच्चों के बीच पहुँचे और सभी बच्चों को चाकलेट देकर उनसे बातचीत की । बच्चों ने भी गुलाब का फूल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों के सिर पर हाथ फेरकर दुलारा और उनसे घुलमिल कर बात की । बच्चों की इच्छा पर मुख्यमंत्री सभी बच्चों को साथ लेकर लेकर हैलीकॉप्टर के पास पहुंचे और उन्हें बैठाया और पायलट से सभी बच्चों को फर्टिलाइजर का एक चक्कर लगाने को कहा ।

हैलीकॉप्टर का इंजन स्टार्ट होते ही कुछ बच्चे डर गये । यह देखकर सीएम योगी ने सभी बच्चों को हैलीकॉप्टर से नीचे उतरवाकर लखनऊ रवाना हो गये।

## आज होगा तय : सुशासन के दावे स्वीकार हुए या मंहगाई, बेरोजगारी के आरोप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक महीने से चल रही विधानसभा चुनाव की मैराथन दौड़ के परिणाम का इंतजार कल, यानि गुरुवार को खत्म होते ही तय हो जायेगा कि जनता ने सत्तारूढ़ भाजपा के सुशासन के दावों को स्वीकार किया या मंहगाई और बेरोजगारी के विपक्ष के आरोपों को सही ठहराया।

विधानसभा चुनाव का शंखनाद आठ जनवरी को होने के बाद 10 फरवरी से 07 मार्च तक सात चरण में 403 सीटों के लिये हुए मतदान का नतीजा 10 मार्च को आ जायेगा। इस बीच मतदान पूरा होने के बाद 'एक्जिट पोल' में भारतीय जनता पार्टी की जीत के दावों से सत्तापक्ष उत्साहित है, वहीं विरोधी खेमे की अगुवाई कर रही समाजवादी पार्टी (सपा) एक्जिट पोल के दावे गलत साबित होने के प्रति आश्वस्त है। जनता के विश्वास की कसौटी पर किसका दावा खरा उतरता है, यह उजागर होने में अब 24 घंटों से भी कम वक्त बचा है। गौरतलब है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने चुनाव में जनता से उत्तर प्रदेश को अपराधमुक्त बनाकर सुशासन कायम करने और विकास की राह पर प्रदेश को ले जाने के दावे के साथ एक बार फिर सत्ता में वापसी का मौका देने की मांग की है। इसके उलट विपक्ष में सपा गठबंधन ने मंहगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट जैसी समस्याओं के सच को सामने रख कर चुनाव के दौरान जनसमर्थन जुटाने की भरपूर कोशिश की है। विरोधी खेमे का दावा है कि जनता सुशासन के भाजपाई दावों की हकीकत से वाकिफ है और रोजी रोटी के संकट से जूझ रहे गांव, गरीब एवं नौजवान, इस चुनाव में भाजपा सरकार को बदल देंगे। विरोधी खेमे को उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल की दोबारा वापसी नहीं होने का अतीत, इस चुनाव में भी दोहराने का भरोसा है। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दावा है कि वह, इस भ्रामक धारणा को भी उसी तरह गलत साबित करेंगे जैसे उन्होंने सरकार गिरने के डर से किसी मुख्यमंत्री के नोएडा न जाने की कुप्रथा को तोड़ा है।

कुल मिला कर, गुरुवार को सुबह 08ः00 बजे मतगणना शुरु होने तक, दोनों पक्ष, 403 सदस्यों वाली विधानसभा में पूर्ण बहुमत पाने के अपने अपने दावे पर अडिग हैं, दूसरी ओर जनता ने सात दौर के मतदान में अपनी पसंद के फैसले को ईवीएम में कैद कर दिया है। यह बात दीगर है कि जिस ईवीएम की कोख से चुनाव परिणाम उजागर होना है, उसी ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतें चुनावी विमर्श के केन्द्र में आ गयी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को ईवीएम में गड़बड़ी करने के आरोप लगाकर सपा कार्यकर्ताओं की मतगणना स्थलों पर कैमरों से लैस होकर तैनाती कर दी है। वहीं, भाजपा ने अखिलेश के आरोपों को सपा की हार का बहाना बताया है जिसे वह चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जनता के बीच पेश करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता और कानून मंत्री ब्रिजेश पाठक ने कहा कि सपा अध्यक्ष ने पिछले चुनाव में भी अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा था और इस बार तो वह मतगणना से पहले ही ईवीएम को कोसने लगे हैं। पाठक ने कहा कि इससे साफ है कि सपा का मतगणना में क्या हश्र होने वाला है।

सपा के वरिष्ठ नेता और अखिलेश के करीबी अभिषेक मिश्रा ने ईवीएम में गड़बड़ी किये जाने की आशंका के मुद्दे पर कहा, चुनाव आयोग बनारस के जिलाधिकारी को क्यों नही हटा रहा है। हम सवाल चुनाव आयोग से कर रहे हैं और जवाब भाजपा दे रही है, इसका मतलब चोर की दाड़ी में तिनका है। हम स्वयं अपने वोट की सुरक्षा करेंगे, किसी को भी हम गड़बड़ी नहीं करने देंगे।

चुनाव के परिणाम के बारे में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दावा किया कि अकेले सपा को 230 से 240 सीट मिलेगी। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन की सीटों का आंकड़ा 300 तक पहुंचना तय है। हालांकि चौधरी ने भी भाजपा पर चुनाव परिणाम को प्रभावित करने की आशंका जताते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ दल अधिकारियों की मदद से ईवीएम में गड़बड़ी करने की कोशिश में है। इसीलिये पार्टी अध्यक्ष ने सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपने वोट की सुरक्षा की खातिर सचेत रहने को कहा है। इधर, भाजपा के प्रवक्ता हीरो बाजपेई ने भी पार्टी की फिर से सरकार बनने का भरोसा व्यक्त करते हुए 300 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है। गौरतलब है कि भाजपा ने पिछले चुनाव में 312 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी थी। ईवीएम में गड़बड़ी की कोशिश करने के सपा के आरोपों को उन्होंने निराधार बताते हुए कहा कि हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की विपक्ष की आदत बन चुकी है। जाहिर है कि गुरुवार को तस्वीर साफ होने तक आरोप और प्रत्यारोपों यह सिलसिला जारी रहेगा, ऐसे में सत्तापक्ष की नजरें चुनाव परिणाम पर और विपक्ष की नजरें ईवीएम पर टिकी हैं।

अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने भी ईवीएम की सुरक्षा पुख्ता होने और मतगणना के निष्पक्ष रहने का दावा करते हुए कहा है कि मतगणना स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं।

## झांसी : मतगणना से पूर्व प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में



झांसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 की मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराने के लिए झांसी प्रशासन और पुलिस पूरी तत्परता से जुटी है तथा जहां एक ओर प्रशासन मतगणना स्थल और आसपास की स्थिति चाकचौबंद करने में लगी है तो दूसरी ओर मतगणना के दिन कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा है।

इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को मतगणना स्थल भोजला मंडी पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना की जायेगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी मतगणना स्थल पर समय से पहुंच कर मतगणना शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराना सुनिश्चित करें।

मतगणना में सुरक्षाकर्मी प्राप्त व्यक्ति को मतगणना एजेंट नियुक्त नहीं किया जायेगा। प्रत्याशियों से अपेक्षा है कि वे परिपक्व व्यक्तियों जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो, को मतगणना एजेंट नियुक्त करें। सुरक्षा कर्मियों को मतगणना हाल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाती है, इसलिए सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को मतगणना एजेंट नियुक्त नहीं किया जा सकता है। केन्द्र या राज्य सरकार के मंत्री, संसद सदस्य, एम.एल.ए., एम.एल.सी., जिला पंचायत, नगर निगम एवं नगर पालिका अध्यक्ष, सहकारी संस्थाओं के चुने हुए अध्यक्ष, सार्वजनिक क्षेत्र के अध्यक्ष और कोई भी सरकारी सेवक मतगणना एजेंट नामित नहीं होगा। सभी रिटर्निंग आफिसर को निर्देश दिया है कि आयोग के इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

मतगणना परिसर में किसी भी मतगणना एजेंट अथवा कर्मचारी को मोबाइल फोन, लाइटर, माचिस, हथियार आदि के अलावा मतगणना परिसर में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि तलाशी के दौरान उक्त वस्तु पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

वाराणसी में प्रशिक्षण में प्रयुक्त ईवीएम को लेकर सपा द्वारा किए गए हंगामे के बाद यहां पुलिस और प्रशासन किसी भी विवाद के पैदा होने की आशंका को कम से कम करने के प्रयास में लगातार जुटा है।

इसी क्रम में मंगलवार देर रात भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने मतगणना स्थल का जायजा लिया। सुरक्षा में लगे अधिकारी और कर्मचारियों को चेक करते हुए सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

## शार्ट न्यूज

### श्रीराम लाइफ ने किया 38,590 लोगों के बीमा दावों का निपटान किया

चेन्नई। ग्रामीण खंड में जीवन बीमा प्रदान करने वाली कंपनी श्रीराम बीमा ने महामारी के दौरान वित्त वर्ष 2021-22 में 31 दिसंबर 2021 तक नौ महीनों में 38,590 लोगों के बीमा दावों का निपटारा किया है, जिनमें 34,407 समूह और 4,183 व्यक्ति शामिल हैं। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि में 12,938 दावों का निपटारा किया था, जिसमें 11,009 समूह और 1,929 व्यक्तिगत दावे थे। इन दावों में कंपनी ने 408.42 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, जबकि बीते वर्ष यह राशि 167.7 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सभी दावों में से 91 प्रतिशत खुदरा दावे तीन वर्ष से अधिक पुरानी पॉलिसी के हैं, जिनका भुगतान 24 घंटों के भीतर किया गया है। कंपनी का दावा भुगतान अनुपात पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 92 प्रतिशत से बढ़कर इस वित्त वर्ष में 95 प्रतिशत हो गया है। कंपनी ने कहा कि कुल खुदरा दावों में से 48 प्रतिशत का भुगतान कंपनी ने ग्रामीण खंड में किया है। सबसे अधिक खुदरा दावों का निपटारा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में किया गया है।

### पटना हाइकोर्ट में सहारा की दलील, सेबी करे निवेशकों को पुनर्भुगतान

लखनऊ। सहारा इंडिया समूह ने पटना उच्च न्यायालय को बताया है कि निवेशकों के पुनर्भुगतान के लिये उसने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास 24 हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि जमा की है मगर सेबी ने पिछले नौ सालों में निवेशकों को केवल 128 करोड़ रुपये का ही पुनर्भुगतान किया है। कंपनी ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। सहारा समूह के अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह ने पिछली आठ मार्च को पटना उच्च न्यायालय के समक्ष एक लिखित उत्तर में यह बात कही है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश में समूह की अन्य कंपनियों के निवेशकों की देनदारी चुकाने के लिये कोई रोक नहीं है। साथ ही यह तर्क भी दिया गया कि सर्वोच्च न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय द्वारा सेबी को सहारा की दो कंपनियों के अलावा अन्य कंपनियों/सोसाइटियों के निवेशकों को पुनर्भुगतान करने से रोकने के लिए कोई बाधा या आदेश पारित नहीं किया गया है। जबकि उन कंपनियों द्वारा किए गए निवेश उच्चतम न्यायालय द्वारा फ्रीज़ कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वास्तव में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के समक्ष दायर एक रिट याचिका में सेबी ने स्वयं यह कहा था कि सहारा से प्राप्त धन का उपयोग सहारा क्यू शॉप सहित सभी निवेशकों को पुनर्भुगतान करने के लिए किया जाएगा। किसी भी स्थिति में यदि पुनर्भुगतान नहीं किया जाता है, तो पैसा ब्याज सहित सहारा को वापस कर दिया जाएगा। हालांकि, सेबी के इस तरह के कथन और सर्वोच्च न्यायालय के पांच दिसंबर 2012 के स्पष्ट आदेश के बावजूद कि सेबी द्वारा सहारा को अधिशेष राशि वापस कर दी जाएगी, परंतु सेबी ने न तो निवेशकों को भुगतान किया है और न ही सहारा को रिफंड किया है। ऐसे में सेबी के लिए केवल एक ही विकल्प खुला है कि या तो वह सहारा को पूरी राशि वापस करे या निवेशकों को पुनर्भुगतान करे।

### विशेष खनिजों की रॉयल्टी दर स्पष्ट करने को खनिज अधिनियम में संशोधन का निर्णय

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुछ खनिजों के सम्बन्ध में रॉयल्टी की दर को स्पष्ट करने के लिये खान और खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने ग्लूकोनाइट, पोटाश, एमराल्ड, प्लेटिनम समूह की धातुएं (पीजीएम), एंडेलूसाइट, सिलिमाइट और मॉलिबडेनम जैसे कुछ खनिजों के सम्बन्ध में रॉयल्टी की दर को स्पष्ट करने के लिये खान और खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1957 (इसे आगे अधिनियम कहा जायेगा) की दूसरी अनुसूची में संशोधन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।इन खनिजों की अपनी जरूरतें पूरी करने के लिये देश आयात पर पूरी तरह निर्भर है। खनिज आत्मनिर्भरता के लिये कई राज्य सरकारों ने नीलामी के लिए ऐसे खनिजों के ब्लॉकों की पहचान की है। अभी तक इन खनिजों के लिये रॉयल्टी दर अलग से नहीं दी जाती थी और वर्तमान व्यवस्था इन खनिजों के उत्खनन में तेजी लाने में कारगर भी नहीं थी। खान मंत्रालय ने विभिन्न मंत्रालयों औ राज्यों के साथ परामर्श कर के नीलामी में बेहतर भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिये इन खनिजों पर रॉयल्टी की तर्कसंगत दर का प्रस्ताव किया था, जिसे मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। खान मंत्रालय इन खनिजों के औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) की गणना की पद्धति तय करेगा। यह इन खनिज ब्लॉकों की नीलामी शुरू करने के लिये जरूरी है। खनिज ब्लाकों के पट्टे नीलामी के आधार पर देने के लिए इस अधिनियम में 2015 में संशोधन किया गया था। ग्लूकोनाइट और पोटाश जैसे खनिजों का इस्तेमाल कृषि में उर्वरक के तौर पर होता है। प्लेटिनम समूह की धातुओं (पीजीएम) उच्च मूल्य वाली धातु है तथा उसका इस्तेमाल विभिन्न उद्योगों और नये नवोन्मेषी एप्लीकेशन में किया जाता है। एंडलूसाइट, मॉलिबडेनम जैसे खनिज, महत्त्वपूर्ण खनिज हैं तथा उद्योगों में इस्तेमाल किये जाते हैं।

### पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए ईएसजी निवेश महत्वपूर्ण : वर्मा

नयी दिल्ली। कंपनी मामलों के सचिव राजेश वर्मा ने आज कहा कि देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में ईएसजी निवेश और सतत वित्तीय उपलब्ध की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वर्मा ने फिक्की द्वारा आज यहां आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि वर्ष 2025 तक भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए ईएसजी निवेश और ससत वित्तीय उपलब्धता की महत्ती भूमिका है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी पूर्ण व्यवसाय को लेकर उनके मंत्रालय ने कई पहलें की है। उन्होंने कहा कि इसी के तहत सामाजिक पर्यावरण और व्यवसाय के लिए आर्थिक जिम्मेदारी पर राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशा निर्देश के साथ ही जिम्मेदार कारोबार पर राष्ट्रीय दिशा निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार ईएसजी के लिए सरकार ने कई पहलें की है। भारत जिम्मेदार कारोबारी व्यवहार के लिए अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहा है।

### रामकी एन्वायरो की रीब्रांडिंग 'री सस्टेनेबिलिटी' के रूप में

नयी दिल्ली। पर्यावरण प्रबंधन सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी रामकी एन्वायरो इंजीनियर्स लिमिटेड ने आज अपनी नई ब्रांड पहचान की घोषणा की। कंपनी को अब 'री सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड' के रूप में जाना जाएगा। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नई पहचान एक सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल बनाने के अपने उद्देश्य के साथ कंपनी की सेवाओं को पेश करती है – जहां सब कुछ रीसाइक्लिंग पर जोर दिया जाता है – और इस तरह हमारी धरती और इस पर रहने वाले लोगों के लिए दीर्घकालिक और स्थायी समाधान प्रदान किया जाता है। कंपनी की नई पहचान दरअसल अपशिष्ट और संसाधन प्रबंधन में अत्याधुनिक समाधान प्रदान करके एक स्थायी भविष्य के निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। कंपनी की नई ब्रांडिंग बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर जोर देने के साथ री सस्टेनेबिलिटी के मूल्यों और इसके महत्व को दर्शाती है। यह समग्र शहरी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को भी व्यक्त करती है। कंपनी सस्टेनेबिलिटी को अपनी रणनीति के मूल में रखती है, क्योंकि कंपनी का मानना है कि एक सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण है। री सस्टेनेबिलिटी के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम रेड्डी ने कहा, 25 से अधिक वर्षों की पर्यावरण सेवा के साथ आज संपूर्ण अपशिष्ट मूल्य श्रृंखला में कंपनी की एक प्रमुख मौजूदगी है और यह पर्यावरणीय समाधानों में लंबे समय से भागीदार रही है। परिवर्तन की इस यात्रा में कंपनी की री-ब्रांडिंग दरअसल हमारे लिए एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें हमने अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी होने के बाद अब सस्टेनेबिलिटी सॉल्यूशंस पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

# बाजार में लगातार दो दिन तेजी

## 7.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई निवेशकों की रकम

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी जारी रहने से इक्विटी निवेशकों की पूंजी दो दिन में 7.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। सेंसेक्स में 1,223.24 अंक की तीव्र वृद्धि देखी गई और यह कारोबार के अंत में 54,893.73 अंक पर रहा। इसमें मंगलवार को भी 581.34 अंक की बड़ी बढ़त दर्ज की गई थी।



इस तरह लगातार दो कारोबारी दिन में सेंसेक्स अच्छी बढ़त पर रहा है। इन दो दिनों में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,21,949 करोड़ रुपये बढ़कर 2,48,32,780 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

इस तेजी के पहले 28 फरवरी से सात मार्च के दौरान लगातार चार कारोबारी दिन बाजार में जोरदार गिरावट आई थी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसी दिग्गज कंपनियों की हिस्सेदारी बुधवार को बाजार की वृद्धि में करीब आधी रही।''

बुधवार को बाजार का हाल–बीएसई के तीस शेयरों वाले मानक सूचकांक सेंसेक्स की शुरुआत सकारात्मक हुई और निवेशकों के समर्थन से एक समय यह 1,469.64 अंक तक की बढ़त लेने में सफल रहा। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली से इसका लाभ कुछ कम हुआ।

कारोबार के अंत में यह 1,223.24 अंक यानी 2.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,647.33 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 331.90 अंक यानी 2.07 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। कारोबार के अंत में यह 16,345.35 अंक पर बंद हुआ।

### पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों पर फैसला नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर करेगी मोदी सरकार

नई दिल्ली। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच देश में कच्चे तेल की कमी नहीं होने देने का भरोसा दिलाते हुए मंगलवार को कहा कि पेट्रोलियम कंपनियां ही ईंधन कीमतों पर कोई निर्णय करेंगी। इसके साथ ही पुरी ने कहा कि सरकार तेल कीमतों के बारे में कोई भी फैसला नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर करेगी।पुरी ने कहा, मैं आप सबको आश्वस्त करता हूं कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं होगी। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी ऊर्जा जरूरतें पूरी हो सकें। हालांकि, हमारी जरूरतों का 85 प्रतिशत तेल और 55 प्रतिशत गैस हम आयात करते हैं। उन्होंने इस आरोप को भी नकार दिया कि ईंधन कीमतों में कमी सरकार ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की थी और चुनाव खत्म होते ही फिर से इनके दाम बढ़ा दिए जाएंगे। इन राज्यों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है और 10 मार्च को परिणाम आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को तेल कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में कोई भी राय बनाने के पहले इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि रूस-यूक्रेन संकट जैसे वैश्विक कारणों से दाम बढ़ते हैं। उन्होंने कहा, तेल कीमतों का निर्धारण वैश्विक कीमतों पर निर्भर करता है। दुनिया के एक हिस्से में जंग के हालात हैं तो पेट्रोलियम कंपनियां इसे ध्यान में रखेंगी। पेट्रोलियम कंपनियां खुद ही कीमतों के बारे में कोई निर्णय करेंगी। हम नागरिकों के हित में ही फैसला करेंगे।

## अब क्रेडिट कार्ड का भी इस्तेमाल करना पड़ेगा महंगा

**नई दिल्ली।** जल्द ही क्रेडिट कार्ड उपयोग करना और महंगा पड़ सकता है। Visa Inc. और Mastercard Inc. क्रेडिट कार्ड उपयोग करने पर व्यापारियों द्वारा भुगतान की जाने वाली फीस बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। इस मामले से परिचित लोगों और द वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा देखे गए एक दस्तावेज़ के अनुसार, शुल्क में वृद्धि – महामारी के कारण पिछले दो वर्षों के दौरान टाल दी गयी थी, यह अगले महीने शुरू होने वाली है। इंटरचेंज फीस में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। व्यापारी इन शुल्कों का भुगतान करते हैं, जो कार्ड नेटवर्क द्वारा निर्धारित किए जाते हैं, जब खरीदार अपने कार्ड का उपयोग करते हैं। शुल्क उस बैंक को जाता है जिसने कार्ड जारी किया है। हालांकि दुकानदारों के लिए अदृश्य, इंटरचेंज शुल्क व्यापारियों के लिए परेशानी का एक स्रोत रहा है। हाल के वर्षों में रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड की लोकप्रियता के साथ-साथ उनकी इंटरचेंज लागत भी बढ़ी है, जो




आमतौर पर यात्रा भत्तों और अन्य लाभों की लागत को कवर करने के लिए ज्यादा शुल्क लेते हैं। लेकिन नेटवर्क के सभी कार्डों का सम्मान नियम का अर्थ है कि एक व्यापारी जो एक वीज़ा क्रेडिट कार्ड स्वीकार करता है, वह सभी कार्ड को स्वीकार करेगा। निल्सन रिपोर्ट के अनुसार, यूएस में व्यापारियों ने कार्ड जारीकर्ताओं को 2021 में वीज़ा और मास्टरकार्ड क्रेडिट-कार्ड इंटरचेंज शुल्क में अनुमानित 55.4 डॉलर बिलियन का भुगतान किया, जो 2012 में राशि के दोगुने से अधिक था। वे इनमें से कम से कम कुछ लागतों को उच्च कीमतों के रूप में उपभोक्ता को देते हैं।

## डायरेक्ट सेलिंग, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने वाली 14 महिलाएं सम्मानित

**नयी दिल्ली।** भारत में प्रत्यक्ष बिक्री (डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग के लिए एक स्वायत्त, स्व-नियाम संस्था आईडीएसए ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डायरेक्ट सेलिंग में उत्कृष्ट उद्यमी और आर्थिक एवं सामाजिक स्वालम्बी बनीं तथा अंतरराष्ट्रीय जगत में अपनी पहचान स्थापित करने वाली 14 महिलाओं को सम्मानित किया।

संस्था ने विज्ञप्ति में बताया कि आईडीएसए (इंडियन डायरैक्ट सेलिंग एसोसिएशन) ने अपने कार्यक्रम 'आदया' द्वितीय संस्करण के तहत महिला दिवस के इस बार के वैश्विक विषय 'ब्रेक द बायस' यानि महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह और स्त्री-पुरुष भेदभाव समाप्त करने पर आधारित मंगलवाल देर शाम एक समारोह में देश के बिहार, झारखंड, ओडिशा, मिज़ोरम, छत्तीसगढ़ और पंजाब जैसे राज्यों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों की इन महिला व्यवसायिक नेता लीडर को सम्मानित



किया जिन्होंने तमान चुनौतियों का सामना करते हुये डायरेक्ट सेलिंग क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है।

इन महिलाओं में डायरेक्ट सेलिंग कम्पनी आईएमसी से प्रीति शर्मा, सविता साहू-एल्टॉस, अर्चना कुमार-ऑरिफ्लेम, स्वाती शर्मा-एवॉन, आक्शी दत्ता-मोदीकेयर सम्मान पाने वाली रही।

आईडीएसए अध्यक्ष श्री रजत बनर्जी ने कहा, आईडीएसए और डायरेक्ट सेलिंग गर्व से सामाजिक और आर्थिक रूप से पूर्वाग्रह और स्त्री-पुरुष भेदभाव समाप्त करने में अग्रणी होने का दावा कर सकते हैं और इस वैश्विक अभियान का हिस्सा बनने पर प्रसन्न हैं। हम इन महिला उद्यमियों की कड़ी मेहनत को सम्मान देते हैं और इसकी सराहना करते हैं।

ये महिलाएं न केवल डायरेक्ट सेलिंग उद्योग बल्कि सम्पूर्ण उपभोक्ता कारोबारी जगत और महिला उद्यमियों के लिये एक मिसाल है।

उन्होंने कहा, आईडीएसए की सदस्य कम्पनियों ने महिला प्रत्यक्ष विक्रेता उद्यमियों के प्रशिक्षण, कौशल, ज्ञान वर्धन और वित्तीय सशक्तिकरण में बड़े पैमाने पर निवेश किया है।

आईडीएसए के मुताबिक सदस्य कम्पनियों में इस समय लगभग 50 प्रतिशत महिला प्रत्यक्ष विक्रेता हैं। वर्ष 2019-20 की प्रत्यक्ष बिक्री सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार कि देश में इस समय लगभग 74 लाख लोग डायरेक्ट सेलिंग से जुड़े हुये हैं और इनमें लगभग 49 फीसदी महिलाएं हैं।

रिपोर्ट के अनुसार लगभग 2500 महिलाएं प्रतिदिन इस कारोबार से जुड़ रही हैं।

देश में डायरेक्ट सेलिंग कम्पनियों की शीर्ष संस्था प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग और कारोबार को बढ़ावा देने के लिये अनुकूल माहौल बनाने, इसके हितों और इससे जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार के निति निर्धारण निकायों के बीच एक माध्यम और सेतु का काम करती है।

## टेलेन्टस्प्रिन्ट ने गूगल के समर्थन से वुमन इंजीनियर्स प्रोग्राम की घोषणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक एडटेक कम्पनी और डीपटेक प्रोग्राम क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेलेन्टस्प्रिंट ने आज अपने महिला इंजीनियरिंग (डब्ल्यूई) प्रोग्राम के चौथे संस्करण की घोषणा की। गूगल ने इस कार्यक्रम का शुरूआत से ही समर्थन किया है, जो केन्द्रित पहलों के माध्यम से प्रौद्योगिकी में महिलाओं को शामिल करने, उन्हें सक्षम और सशक्त बनाने की उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि डब्लूई का प्रमुख उद्देश्य विविध सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि वाली महिला उद्यमी और महत्वाकांक्षी छात्राओं को उच्च विकास वाले तकनीकी कैरियर की तैयारी के लिए सक्षम बनाना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रथम वर्ष की 250 छात्राओं की पहचान करना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनाने के लिए तैयार करना है। यह कार्यक्रम फुली फण्डेड, 100 प्रतिशत ट्यूशन स्कॉलरशिप और प्रत्येक चयनित छात्रा को एक लाख रूपए स्टाइफण्ड प्रदान करेगा।

गुगल के उपाध्यक्ष शिव वेंकटरमण ने कहा, तकनीक के लिए खेल के मैदान को समतल करने और सार्वभौमिक रूप से प्रासंगिक समाधान बनाने के वादे को पूरा करने के लिए, तकनीकी संगठनों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है। पिछले साथियों की सफलता ने हमें कार्यक्रम को और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हम इस कार्यक्रम को अगले स्तर तक ले जाने के लिए टैलेंटस्प्रिंट को समर्थन देकर बहुत खुश हैं।

टैलेन्टस्प्रिंट के सह संस्थापक और सीईओ डॉ. सांतनु पॉल ने कहा, पिछले तीन वर्षों में टैलेंटस्प्रिंट डब्ल्यूई कार्यक्रम मजबूती से बढ़ता रहा है। हम 500 से अधिक उत्साही महिला इंजीनियरिंग छात्रों की परिवर्तनकारी यात्रा को देखने के लिए प्रोत्साहित महसूस करते हैं, जिन्होंने तब से प्रमुख तकनीकी कंपनियों के साथ अपने आईटी कैरियर की शुरुआत की है। हमें गूगल के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने और तकनीकी उद्योग में लैंगिक अंतर को पाटने में खुशी हो रही है।

उन्होंने कहा कि इसे दो वर्ष के कार्यक्रम के तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है, टेलेन्टस्प्रिंट के शीर्ष फैकल्टीज और उद्योग विशेषज्ञों सीखने तथा गूगल में इंजीनियरों और टेक्नोलॉजी लीडर्स की सलाह ले रहे है। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि वाले छात्र बी.टेक या बीईई, आईटी, सीएसई, ईईई, मैथ, एप्लाइड मैथ या समकक्ष विशेषज्ञता रखने वाले और 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र इस कार्यक्रम में प्रवेश के पात्र होंगे और इसके लिए 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

### क्यूपे ने जुटायी सीड फंडिंग

नयी दिल्ली ।ऑफलाइन टु ऑनलाइन कॉमर्स प्लेटफॉर्म क्यूपे ने आज अमेरिका स्थित एंजल निवेशक डैनियल केलोहा के नेतृत्व में सीड राउंड में पूंजी जुटाने की घोषणा की है। हालांकि इस फंडिंग में कितनी रकम जुटाई गई है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। कंपनी इस जुटाई गई पूंजी का इस्तेमाल अपनी टीम का विस्तार करने, अधिक व्यापारियों को जोड़ने और बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए अपने तकनीकी दायरे को बढ़ाने के लिए करना चाहती है। क्यूपे की शुरुआत 2021 में मनीष कौशिक और मोहित चौधरी द्वारा की गई थी। यह कंपनी ऑर्डर, भुगतान, डिलीवरी, मार्केटिंग और बिजनेस ऑटोमेशन समेत सभी को एक ही प्लेटफॉर्म से प्रबंधित करने के लिए एक ऑनलाइन स्टोर से पूर्ण-स्टैक समाधान के माध्यम से उद्यम और एसएमबी व्यापारियों का डिजीटलीकरण करती है। क्यूपे ने देश के टियर 3 और 4 शहरों, कस्बों और ग्रामीण हिस्सों में ऑफलाइन व्यवसायों और एसएमई को उनके संचालन को एक नया आयाम देने के लिए उन्हें ऑनलाइन लाने की कल्पना की है।

### उत्तर प्रदेश में पीएनसी इंफ्राटेक को मिली 864 करोड़ रुपए की राजमार्ग परियोजना

मुंबई। सड़क और राजमार्ग क्षेत्र की कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक ने बुधवार को कहा कि कंपनी को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से उत्तर प्रदेश में 864 करोड़ रुपये की हाइब्रिड वार्षिकी राजमार्ग परियोजना का काम मिला है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि एनएचएआई की 54.429 किलोमीटर लंबी परियोजना में राजमार्ग की चार लेन में मरम्मत कार्य और उन्नयन के लिए पीएनसी इंफ्राटेक को सबसे कम बोली लगाने पर इस परियोजना का कार्य मिला है। इस परियोजना की लगात 864 करोड़ रुपए है। परियोजना का निर्माण कार्य 30 महीनों में पूरा किया जाएगा और निर्माण के बाद अगले 15 वर्षों तक कंपनी इसकी देखरेख करेंगी।

### इंडिगो से स्पाइसजेट तक के शेयर ने भरी उड़ान, सरकार के फैसले से खरीदने के लिए होड़

नई दिल्ली। कोरोना काल में दो साल तक निलंबित रहने के बाद नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 27 मार्च से फिर से शुरू होने जा रही हैं। इस खबर की वजह से भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड एयरलाइन कंपनियों के स्टॉक की खरीदारी बढ़ गई है। बाजार में लिस्टेड तीन एयरलाइन कंपनियां- इंडिगो, स्पाइसजेट और जेट एयरवेज के शेयर में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। किस एयरलाइन का क्या हाल–इंडिगो एयरलाइन की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के स्टॉक में खरीदारी बढ़ने की वजह से एक दिन पहले के मुकाबले यह 8 फीसदी तक मजबूत हुआ। फिलहाल, शेयर का भाव 1720 रुपए के स्तर पर है। इसी तरह स्पासइजेट की बात करें तो एयरलाइन कंपनी का शेयर भाव करीब 5 फीसदी मजबूत हुआ है। एक दिन पहले के मुकाबले करीब 5 फीसदी बढ़ोतरी के साथ बीएसई इंडेक्स पर शेयर का भाव 60 रुपए था। जेट एयरवेज का हाल– कर्ज के जाल से बाहर निकल रही एयरलाइन जेट एयरवेज का शेयर भाव करीब 5 फीसदी मजबूती के था 94 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। जेट एयरवेज के शेयर में लगातार अपर सर्किट लग रहा है। आपको बता दें कि जेट एयरवेज ने अपने मैनेजमेंट में भी बदलाव किया है। एयरलाइन ने संजीव कपूर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है। इसके बाद से कंपनी का शेयर भाव बढ़ गया है। आपको बता दें कि सरकार ने कोरोना की वजह से मार्च 2020 में अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं को ठप कर दिया था। हालांकि, इस बीच एयर बबल जैसी विशेष व्यवस्था के तहत उड़ानों का संचालन हो रहा था।

### अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं बहाल होने से गर्मियों की छुट्टी के साथ पर्यटन उद्योग रफ्तार पकड़ेगा

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण कम होने के साथ पर्यटन उद्योग में उम्मीद जगी है। पर्यटन उद्योग का कहना है कि लोग पिछले दो वर्षों से घरों में कैद हैं, ऐसे में सब कुछ ठीक रहा तो गर्मियों की छुट्टी के साथ पर्यटन उद्योग रफ्तार पकड़ेगा। केंद्र सरकार के अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं बहाल होने से भी पर्यटन और होटल उद्योग को फायदा मिलने की उम्मीद है। इस कड़ी में केरल पर्यटन ने वर्ष 2022 के लिए पर्यटकों के लिए कार्यक्रमों का ऐलान किया है। केरल के पर्यटन निदेशक वीआर कृष्णा तेजा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संक्रमण दर कम होने से पर्यटन क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है।

### रुपया 38 पैसे उछला




**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में रही दो फीसद से अधिक की तेजी से विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ने की उम्मीद में रुपया 38 पैसे उछलकर 76.62 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र के रुपया 77 रुये प्रति डॉलर पर रहा था। रूपया आज 10 पैसे की मजबूती लेकर 76.90 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 76.92 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 76.53 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 38 पैसे चढ़कर 76.62 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

## बीएसएनएल जैसी सरकारी कंपनी और संस्थाओं की जमीनें बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम हों या सरकारी एजेंसियां, इनकी खाली पड़ी जमीन, भवन या संपत्तियों को बेचकर सरकार पैसे जुटाएगी। इस काम के लिए केंद्र सरकार ने एक कंपनी का भी गठन कर दिया है। इस कंपनी का नाम है–राष्ट्रीय भूमि मौद्रीकरण निगम (एनएलएमसी)। इस कंपनी पर पूरी तरह से सरकार का मालिकाना हक होगा। आपको बता दें कि वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में पहली बार इस तरह से संपत्तियों की बिक्री का प्रस्ताव रखा गया था। इसी कड़ी में सरकार ने अब कंपनी का गठन किया है।

**आर्थिक सर्वे में था जिक्र :** इस साल आम बजट से एक दिन पहले पेश आर्थिक सर्वे में राष्ट्रीय भूमि मौद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) के गठन का जिक्र किया गया था। सर्वे में बताया गया था कि एनएलएमसी के पास केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की 3,400 एकड़ जमीन और अन्य एसेट की बिक्री के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। एमटीएनएल, बीएसएनएल, बीपीसीएल, बीएंडआर, बीईएमएल, एचएमटी लिमिटेड और इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड जैसी सरकारी कंपनियों ने भूमि मौद्रीकरण निगम के पास अपनी संपत्तियों के ब्योरे भेजे हैं।

आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021-22 से लेकर 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार की प्रमुख एसेट की बिक्री से 6 लाख करोड़ रुपये जुटाए जाने की संभावना है। इनमें सड़कें, रेलवे, बिजली, तेल और गैस पाइपलाइन के अलावा दूरसंचार क्षेत्रों की संपत्तियां ही करीब 83 फीसदी हैं। बंद पड़ी कंपनियों के लिए अहम–कई सरकारी कंपनियां ऐसी भी हैं जिनका रणनीतिक विनिवेश हुआ है या बंद हो गई हैं। सरकार की ओर से उठाया गया ये कदम ऐसी कंपनियों के लिए काफी अहम है। राष्ट्रीय भूमि मौद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) सरकार के मोनेटाइजेशन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में मदद के साथ तकनीकी सलाह भी देगा।

## राहत भरा बुधवार, नहीं बढ़े तेल के दाम, सबसे सस्ता पेट्रोल 82.96 रुपये लीटर

नई दिल्ली। पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दी हैं। आशंकाओं के विपरीत चुनाव खत्म होने के दूसरे दिन भी राहत रही। घरेलू स्तर पर आज लगातार 124 दिन बाद भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। जबकि, कच्चा तेल 127.98 डॉलर प्रति बैरल है, जो पिछले 140 डॉलर प्रति बैरल के मुकाबले थोड़ा सस्ता है।




बुधवार को देश की राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये बनी हुई है, जबकि डीजल की कीमत 86.67 रुपय है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 109.98 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है, जबकि डीजल 94.14 रुपये पर है। नए रेट के मुताबिक आज भी देश में सबसे सस्ता पेट्रोल 82.96 रुपये लीटर के हिसाब से पोर्ट ब्लेयर में बिक रहा है तो डीजल भी यहां 77.13 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल भापेल, जयपुर, पटना, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में 100 के पार है। यूक्रेन-रूस में जारी भीषण युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम रिकॉर्ड स्तर पर हैं और उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के कारण बीते चार महीने से ईंधन के दाम नहीं बढ़े हैं।

गौरतलब है कि भारत अपनी कच्चे तेल की 85 प्रतिशत जरूरत आयात के जरिए पूरा करता है। तेल की कीमतों में इस साल पहले से ही 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हो चुकी है और कमजोर रुपया देश के लिए और परेशानी बढ़ रहा है।

## शार्ट न्यूज

### बेयरस्टो के शतक ने इंग्लैंड को संभाला, पहले दिन छह विकेट पर 268 रन बनाए

एंटीगुआ। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (109) के नाबाद शतक की बदौलत इंग्लैंड ने यहां वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन मंगलवार को 86 ओवर में छह विकेट पर 268 रन बना लिए। इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन उसके बल्लेबाज इस फैसले को सही साबित करने में विफल रहे। शीर्ष क्रम से लेकर मध्य क्रम तक कोई भी इंग्लिश बल्लेबाज केमार रोच, जेडन सील्स और जेसन होल्डर की घातक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। 12 के स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद लगातार विकेटों की झड़ी लगती रही। इंग्लैंड ने कप्तान जो रूट सहित 48 के स्कोर पर अपने चार बल्लेबाजों को खो दिया। डेनियल लॉरेंस तीन चौकों की मदद से 38 गेंदों पर 20 और रूट तीन चौकों के सहारे 14 गेंदों पर 13 रन बना कर आउट हुए। जैक क्राली और एलेक्स लीस ने क्रमशः आठ और चार रन बनाए। फिर हालांकि अनुभवी ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सूझ-बूझ के साथ खेलते हुए और विकेट को बचाते हुए स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी हुई थी कि युवा तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने गोली की गति से डाली गेंद पर स्टोक्स को बोल्ड कर दिया। वह चार चौकों की मदद से 95 गेंदों पर 36 रन बना कर आउट हुए।

### राष्ट्रमंडल खेलों में घाना के साथ मुकाबले से अभियान शुरू करेगी भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीम

बर्मिंघम। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में हॉकी का पूरा शेड्यूल जारी हो गया है। आयोजन समिति की ओर से बुधवार को जारी हॉकी शेड्यूल के मुताबिक भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें अपने-अपने पहले मैच में क्रमशः 29 और 31 जुलाई को घाना से भिड़ेंगी। भारतीय महिला टीम को ग्रुप ए में और पुरुष टीम को ग्रुप बी में इंग्लैंड, कनाडा, घाना और वेल्स के साथ रखा गया है।घाना के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के बाद भारतीय महिला टीम अपना अगला मैच 30 जुलाई को वेल्स, दो अगस्त को इंग्लैंड और आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में तीन अगस्त को कनाडा से भिड़ेगी। वहीं पुरुष टीम एक अगस्त को इंग्लैंड, तीन अगस्त को कनाडा और चार अगस्त को वेल्स का सामना करेगी। महिला स्पर्धा का फाइनल सात अगस्त को होगा, जबकि पुरुषों का फाइनल आठ अगस्त को खेलों के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले खेला जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 54 हॉकी मैच होंगे, जिसमें 40 ग्रुप स्टेज, छह क्लासिफिकेशन मैच, चार सेमीफाइनल औरर चार मेडल मैच होंगे। सभी मैच बर्मिंघम विश्वविद्यालय में खेले जाएंगे, जो बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी का आधिकारिक आयोजन स्थल है। उल्लेखनीय है कि बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होना है।

### मरे ने यूक्रेनी बच्चों की मदद के लिए पुरस्कार राशि दान करने का किया ऐलान

लंदन। दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी ग्रेट ब्रिटेन के एंडी मरे ने शेष वर्ष की अपनी पुरस्कार राशि को युद्धग्रस्त यूक्रेन में बच्चों की मदद के लिए काम कर रहे यूनिसेफ यूके को दान करने का ऐलान किया है। मरे ने मंगलवार को एक ट्वीट में लिखा, यूक्रेन में बढ़ते संघर्ष के कारण 7.5 मिलियन (75 लाख) से अधिक बच्चे जोखिम में हैं, इसलिए मैं तत्काल चिकित्सा आपूर्ति और अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट किट प्रदान करने में मदद करने के लिए यूनिसेफ यूके के साथ काम कर रहा हूं। यह महत्वपूर्ण शिक्षा जारी रहे, इसलिए यूनिसेफ विस्थापित बच्चों की पढ़ाई तक पहुंच को सक्षम करने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त स्कूलों के पुनर्वास और उपकरणों तथा फर्नीचर को बदलने के लिए काम कर रहा है। मरे ने कहा, मैं शेष वर्ष के लिए अपनी पुरस्कार राशि को दान करने जा रहा हूं। यूके में कोई भी हमारी अपील के तहत दान करके यूनिसेफ की इस मानवीय मदद का समर्थन कर सकता है। उल्लेखनीय है कि मरे यूनिसेफ, यूनाइटेड फॉर वाइल्डलाइफ, मलेरिया नो मोर और वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के ग्लोबल एंबेसडर हैं।

### छठे पेफी सम्मेलन में जुटेंगे दिग्गज, बांटे जाएंगे अवार्ड


नयी दिल्ली। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफ़ी) भारत सरकार के खेल एवं युवा मामले मंत्रालय के सहयोग से 11 और 12 मार्च को नई दिल्ली के संसद मार्ग स्थित एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय छठे राष्ट्रीय फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स साइंस सम्मेलन का आयोजन करेगी। दो दिवसीय इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोज तिवारी (सांसद, उत्तर-पूर्व दिल्ली) करेंगे। पेफ़ी के राष्ट्रीय सचिव एंव इस सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ पीयूष जैन ने बताया कि यह भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिसमें देश के जाने-माने खेल विशेषज्ञ, द्रोणाचार्य एवं अर्जुन अवार्डी, खेल वैज्ञानिक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को सम्मान दिलाने वाले खिलाड़ी शिरकत करेंगे। डॉ पीयूष जैन ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन शुक्रवार, 11 मार्च को मनोज तिवारी के हाथों उद्घाटन के बाद महामारी के पश्चात भारतीय खेलों की स्थिति पर चर्चा होगी। इस अवसर पर विशेष अतिथि भारतीय ओलम्पिक संघ के सचिव राजीव मेहता और कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता एलएनसीपीई, त्रिवेंद्रम के प्रिंसिपल डॉ. जी. किशोर के सम्बोधन के साथ होगी। लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) जेएस चीमा, हॉकी द्रोणाचार्य अजय बंसल, डॉ, पूनम बेनीवाल, डॉ. अनुकृति शर्मा अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि शनिवार, 12 मार्च को सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत भारतीय खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल के अभिभाषण से होगी। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे भी मौजूद रहेंगे। डॉ. एके उप्पल, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. अनिल चौहान अपनी-अपनी बात रखेंगे।

### दिल्ली दीवास ने कोच्चि स्टार्स को प्रो बास्केटबॉल लीग में महिला लीग राउंड 1 फाइनल में पराजित किया

**चंडीगढ़।** 3बीएल महिला लीग के पहले राउंड में आज दिल्ली दीवास ने गत चैंपियन कोच्चि स्टार्स को 15-7 से हराकर जीत प्राप्त की । 3बीएल भारत में एकमात्र 3ङ्ग3 प्रोफेशनल बास्केटबॉल लीग है जो बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) से मान्यता प्राप्त है। 3बीएल ने अपने तीसरे सत्र की कल ही शुरुआत की है। टूर्नामेंट 8 से 21 मार्च 2022 तक विन्धम होटल, मोहाली में खेला जा रहा है और इसमें शीर्ष राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुष और महिला 3ङ्ग3 प्रारूप के बास्केटबॉल खिलाड़ी भाग ले रहे हैं दिल्ली दीवास का नेतृत्व राष्ट्रीय महिला टीम की दिग्गज रसप्रीत सिद्धू कर रही थीं जिन्हें इस राउंड का मोस्ट वैल्युएबल खिलाड़ी के रूप में चुना गया है, जबकि कोच्चि स्टार्स का नेतृत्व 6 फीट 1 इंच की राष्ट्रीय महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी स्टेफी निक्सन कर रही थी। दिल्ली दीवास ने कोच्चि स्टार्स को राउंड 1 महिला फ़ाइनल में 15-7 से हराया। दोपहर की कड़ी धूप के बीच, दिल्ली दीवास ने कोच्चि स्टार्स के खिलाफ शुरू से अंत तक बढ़त बनाये रखी और अंत में राउंड 1 का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली दीवास की इस जीत को प्रतिशोध की जीत के रूप में देखा गया जिन्हें पहले के पूल चरणों में गत चैंपियन कोच्चि के खिलाफ अतिरिक्त समय वाले गेम में हार का सामना करना पड़ा था। तवलीन भंडाल के टखने की चोट के बावजूद, दिल्ली ने मैच में बढ़त बनाए रखने के लिए अपने मोमेंटम को बनाए रखा । दिल्ली का डिफेन्स कोच्चि के विरुद्ध शानदार था जिसने उन्हें सिर्फ 7 अंक ही अर्जित करने दिए। दीवास की कप्तान रसप्रीत सिद्धू जो भारतीय राष्ट्रीय महिला टीम में एक स्टार खिलाड़ी भी रह चुकी हैं, ने अपनी टीम साथियों के लिए उदाहरण देने वाला प्रदर्शन किया। पूरे दिन के मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किये जाने पर सिद्धू को राउंड 1 के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) चुना गया।

# भारतीय तेज गेंदबाज श्रीसंत ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है।उन्होंने बुधवार को ट्विटर पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने ट्वीट में लिखा, बहुत दुख के साथ, लेकिन अफसोस के बिना मैं यह भारी मन से कहता हूं कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट के साथ-साथ क्रिकेट सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए। मैंने अपना प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर समाप्त करने का फैसला किया है। यह निर्णय मेरा अकेला है, हालांकि मैं जानता हूं कि इससे मुझे खुशी नहीं मिलेगी। जीवन में इस समय यह फैसला सही नहीं है, लेकिन फिर भी फैसला ले रहा हूं। मैंने हर पल को संजोया है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा, आज मेरे लिए एक कठिन दिन है और साथ ही प्रतिबिंब और और कृतज्ञता का भी दिन है।

ईसीसी, एर्नाकुलम जिले, अलग-अलग लीग की टीमों, केरल राज्य क्रिकेट संघ, बीसीसीआई, वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट टीम, भारतीय एयरलाइंस क्रिकेट टीम, बीपीसीएल और आईसीसी के लिए खेलना बड़े सम्मान की बात रही है। एक क्रिकेटर के रूप में अपने 25 साल के करियर के दौरान मैंने प्रतियोगिता, जुनून और दृढ़ता के उच्चतम मानकों के साथ तैयारी और प्रशिक्षण के दौरान हमेशा सफलता और मैच जीतने का प्रयास किया है।

मेरे परिवार, मेरे साथियों और भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

उल्लेखनीय है कि श्रीसंत पर आईपीएल 2013 के दौरान मैच फिक्सिंग का आरोप लगा था, जिसके बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, हालांकि प्रतिबंध खत्म होने के बाद वापसी की थी, लेकिन हाल ही में हुई 2022 की मेगा आईपीएल नीलामी में उन्हें किसी ने नहीं खरीदा।

श्रीसंत ने आखिरी मैच मेघालय के खिलाफ खेला था। फरवरी 2022 में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने दो विकेट लिए थे।

## दिल्ली कैपिटल्स ने बीजू जॉर्ज को बनाया फील्डिंग कोच

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने 2022 आईपीएल सीजन के लिए बीजू जॉर्ज को टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। वह टीम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सीजन तक यह पद संभाला था।

बीजू कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच रिकी पोंटिंग, उनके हमवतन शेन वॉटसन, जेम्स होप्स और भारत के पूर्व क्रिकेटरों अजीत अगरकर और प्रवीण आमरे की मौजूदगी वाले कोचों के क्वालिटी लाइन-अप में शामिल होंगे।

फ्रेंचाइजी के एक प्रमोटर ने बुधवार को क्रिकबज को यह नियुक्ति की पुष्टि करते हुए बताया, हमने 2022 सीजन के लिए बीजू को साइन किया है। उनके पास आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों का काफी वर्षों का अनुभव है।

उल्लेखनीय है कि बीजू भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पूर्व फील्डिंग कोच हैं और उन्होंने टीम के हाल के कोचों तुषार अरोठे, डब्ल्यूवी रमन और रमेश पंवार के साथ काम किया है।

त्रिवेंद्रम के कोच बीजू दो साल (2015 और 2016) तककोलकाता नाइट राइडर्स और 2020 में सनराइजर्स हैदराबाद से एक साल तक जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने कुवैत की राष्ट्रीय टीम को भी कोचिंग दी थी।

## सीएएस ने फीफा, यूईएफए के खिलाफ रूस की अपील दर्ज की

लुसाने। रूसी फुटबाल संघ (एफयूआर) ने यूक्रेन पर हमले के कारण रूसी राष्ट्रीय फुटबॉल टीमों और क्लबों को फीफा और यूईएफए की सभी प्रतियोगिताओं से निलंबित करने के फैसले के खिलाफ कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में अपील दायर की है। उल्लेखनीय है कि फीफा और यूईएफए ने 28 फरवरी को संयुक्त रूप से अगले नोटिस तक रूसी फुटबॉल टीमों और क्लबों को अपनी सभी प्रतियोगिताओं से बैन करने का फैसला किया था। एफयूआर ने इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) के खिलाफ दायर अपील में यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (यूईएफए), पोलिश फुटबॉल एसोसिएशन, स्वीडिश फुटबॉल एसोसिएशन, चेक फुटबॉल एसोसिएशन, फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ मोंटेनेग्रो और माल्टा फुटबॉल एसोसिएशन का भी जिक्र किया है।

वहीं यूईएफए के खिलाफ दायर अपील में हेलेनिक फुटबॉल फेडरेशन, बेलारूस फुटबॉल फेडरेशन, डेनिश फुटबॉल एसोसिएशन, लक्जमबर्ग फुटबॉल एसोसिएशन, ऑस्ट्रियन फुटबॉल एसोसिएशन, माल्टा फुटबॉल एसोसिएशन, पुर्तगाली फुटबॉल फेडरेशन, इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन, स्पेनिश फुटबॉल एसोसिएशन, आयरिश फुटबॉल एसोसिएशन और फ्रेंच फुटबॉल एसोसिएशन को भी नामित किया गया है। रूसी फुटबाल संघ ने अपनी अपीलों में सीएएस से इन फैसलों को रद्द करने और फीफा और यूईएफए प्रतियोगिताओं में सभी रूसी टीमों और फुटबॉल क्लबों की भागीदारी को बहाल करने का अनुरोध किया है।

## बीसीबी ने शाकिब को 30 अप्रैल तक आराम दिया

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मानसिक और शारीरिक थकान से उबरने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को 30 अप्रैल तक खेल से आराम दे दिया है।

शाकिब ने हाल ही में बोर्ड को सूचित किया था कि वह अपनी मानसिक और शारीरिक स्थिति के कारण 18 मार्च से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। वहीं उन्होंने काफी हद तक यह स्पष्ट कर दिया था कि वह अब दक्षिण अफ्रीका का दौरा नहीं कर सकते हैं। परिणामस्वरूप बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने बुधवार को शाकिब की राष्ट्रीय टीम के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए, हालांकि बोर्ड ने अंततः उनके क्रिकेट से ब्रेक के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।



बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा था, शाकिब ने मुझे फोन किया और कहा कि मैं खेलने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट नहीं हूं और दक्षिण अफ्रीका सीरीज को छोड़ना चाहता हूं, इसलिए हमने उन्हें 30 अप्रैल तक आराम देने का फैसला किया है।

बीसीबी की घोषणा यह भी इशारा करती है कि शाकिब मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के लिए देश के पारंपरिक ढाका-क्लब आधारित 50-ओवर टूर्नामेंट ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। यह घोषणा करने से कुछ घंटे पहले कि वह मानसिक और शारीरिक थकान के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए तैयार नहीं है, शाकिब ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के जर्सी अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उन्होंने घोषणा की कि वह क्लब का हिस्सा बनकर खुश हैं और लीग खेलने के लिए उत्सुक हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल शाकिब को टूर्नामेंट में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब का नेतृत्व करते हुए अंपायरों के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए डीपीएल से बैन का सामना करना पड़ा था। बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल ने बताया कि शाकिब दुबई से वापस आने के बाद बीसीबी अध्यक्ष से मिलेंगे और बोर्ड अध्यक्ष को अपनी भविष्य की योजना का खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड शाकिब के मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाना चाहता है, क्योंकि उनकी उपलब्धता बड़ी चिंता का विषय बन गई है।

बीसीबी के तकनीकी निदेशक खालिद महमूद ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, अब पूर्ण विराम का समय है क्योंकि बहुत हो गया है। बीसीबी प्राधिकरण है और वह निर्देश दे सकते हैं। शाकिब यह नहीं कह सकते कि वह खेलेंगे या मैं नहीं खेलेंगे। अगर कोई खेलना नहीं चाहता है तो उसे खेल छोड़ने का अधिकार है, लेकिन अगर वह खेलना चाहते हैं तो खेलेंगे। अगर उन्हें ब्रेक की जरूरत है तो वह ब्रेक लेंगे।

कोई किसी को नहीं रोक रहा है। हम उन्हें खेलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते, क्योंकि क्रिकेट एक मानसिकता वाला खेल है। अगर वह मानसिक रूप से मजबूत नहीं हैं तो जाहिर तौर पर उनके लिए यह मुश्किल होगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के हालात मुश्किल होंगे।

## आईएईए का चेर्नोबिल परमाणु डाटा सिस्टम से टूटा संपर्क



कीव। संयुक्त राष्ट्र के निगरानी संगठन अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) और चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा इकाई के बीच संपर्क टूट गया है। यूक्रेन में रूस की निगरानी में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए यह चिंता की बात है। खलजी टाइम्स ने बुधवार को यह जानकारी दी।

निष्क्रिय चेर्नोबिल स्थित निष्क्रिय परमाणु संयंत्र पर 24 फरवरी को रूसी सेना ने कब्जा कर लिया था। इस संयंत्र में 1986 में हुई दुर्घटना में फैले रेडियोएक्टिव विकिरण के कारण यूरोप में सैकड़ों लोग मारे गए थे।

एजेंसी ने कहा कि रूसी कब्जे के बाद 200 से ज्यादा तकनीकी कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी 13 दिनों से इकाई में लगातार काम कर रहे हैं, दावा किया जा रहा है कि इकाई में कर्मचारियों के लिए बेहद खराब स्थिति है। आईएईए ने रूस से काम करने वालों को बदलते रहने और आराम देने को कहा क्योंकि वे इकाई के सुरक्षा के लिए महत्पूर्ण हैं।

निष्क्रिय इकाई ऐसे क्षेत्र में है जहां बंद रिएक्टर्स के साथ रेडियो एक्टिव कूड़ा है। दूसरे परमाणु आपदा से बचाव के लिए लगातार प्रबंधन आवश्यक है, इसलिए 2000 से ज्यादा कर्मचारी अभी भी इकाई में काम करते हैं।

आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी ने संकेत दिया कि चेर्नोबल एनपीपी में स्थापित सुरक्षा निगरानी तंत्र से रिमोट डाटा प्रसार का संपर्क टूट गया। ग्रोसी ने इकाई में या कहीं और यूक्रेन के परमाणु इकाईयों को सभी पक्षों से सुरक्षित करने और सुरक्षा प्रतिबद्धता के लिए सभी पक्षों से संयंत्र को जाकर देखने की अपील की है। सेफगार्ड शब्दावली का उपयोग आईएईए परमाणु तत्वों और गतिविधियों में तकनीकी उपायों के इस्तेमाल के वर्णन के लिए करता है। परमाणु हथियारों के फैलाव के साथ पहले पहचान कर ऐसे तत्वों के दुरुपयोग को रोकना उद्देश्य है। रूस ने यूक्रेन ने परमाणु खतरे का आरोप लगाते हुए ज़ैपोरीज्जया में पिछले सप्ताह यूरोप की सबसे बड़ी परमाणु विद्युत इकाई पर भी आक्रमण कर कब्जा कर लिया था। वर्ष 1986 में निष्क्रिय चार्नोबेल इकाई के बनिस्पत जापोरीज्ज्या में अकेले छह रिएक्टर ज्यादा आधुनिक और सुरक्षित हैं।

आईएईए ने कहा कि उसमें से दो अभी भी चालू है, इकाई के कर्मचारी शिफ्ट में काम कर रहे हैं और विकिरण स्तर स्थायी बना हुआ है।

### चेर्नोबिल न्यूक्लियर प्लांट में सिर्फ दो दिन का ईंधन, रेडिएशन का खतरा

**कीव।** यूक्रेन के बंद पड़े चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र में बिजली आपूर्ति करने वाला ग्रिड क्षतिग्रस्त हो गया है और आपातकालीन जेनरेटर के जरिए बिजली की आपूर्ति की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ग्रिड ऑपरेटर ने कहा है कि सिस्टम की कूलिंग के लिए डीजल जनरेटर में 48 घंटे के लिए ही ईंधन बचा है। यह इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो प्लांट से रेडिएशन का खतरा है। उधर, यूक्रेन ने रूसी सेना से सीजफायर की मांग की है। चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र में ही दुनिया की सबसे भीषण परमाणु त्रासदी हुई थी। सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा है कि बिजली गुल होने से परमाणु संयंत्र की कूलिंग सामग्री को खतरा हो सकता है। चेर्नोबिल को बिजली आपूर्ति करने वाली लाइन के नुकसान का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पिछले सप्ताह से यह स्थल रूसी सैनिकों के नियंत्रण में है। यूक्रेन के ग्रिड ऑपरेटर उक्रेनेरहो ने कहा है कि राष्ट्रीय परमाणु नियामक के अनुसार चेर्नोबिल के सभी संयंत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और डीजल जनरेटर में 48 घंटे के लिए ईंधन है। नियामक ने कहा कि बिजली के बिना परमाणु और विकिरण सुरक्षा के मापदंडों को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि बिजली की आपूर्ति करने वाला ग्रिड क्षतिग्रस्त हो गया है और मरम्मत की अनुमति देने के लिए संघर्ष विराम का आह्वान किया।

### जर्मनी में धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी की निगरानी को मंजूरी

दिल्ली। जर्मनी की एक अदालत ने धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी को घरेलू खुफिया एजेंसी के लिए चरमपंथ के मामले में संदिग्ध मान कर निगरानी करने की मंजूरी दे दी है. इस मामले में धुर दक्षिणपंथी दल की याचिका खारिज कर दी गई है.इस फैसले का मतलब है कि जर्मन सरकार की खुफिया एजेंसियां लोकतंत्र के लिए खतरे के रूप में एएफडी को संदिग्ध मान कर उसकी गतिविधियों पर निगरानी रख सकेंगी. एएफडी के द विंग और युवा अल्टरनेटिव फॉर डॉयचलैंड यानी एएफडी के खिलाफ जाने वाला यह फैसला कोलोन की प्रशासनिक अदालत ने दिया है. अदालत का मानना है कि पार्टी में गैरसंवैधानिक महत्वाकांक्षा होने के पर्याप्त संकेत मौजूद हैं. अदालत को यह भी पता चला है कि पार्टी का द विंग के नाम से जाना जाने वाला सबसे कठोर दक्षिणपंथी गुट भले ही खत्म कर दिया गया है।


# रूस के खिलाफ यूक्रेन को और हथियार देगा कनाडा

## जेलेंस्की को अपनी संसद में भी भाषण को बुलाया

**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। अब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेन और रूस के जारी लड़ाई के बीच बड़ी बात कही है। कनाडा ने यूक्रेन को मदद का ऐलान किया है। ट्रूडो ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करने के बाद कहा है कि कनाडा, यूक्रेन को अति-विशिष्ट सैन्य उपकरणों की एक और खेप भेजेगा।

### कनाडा की संसद में संबोधन का न्योता

ट्रूडो ने मामले को लेकर दो ट्वीट किए। उन्होंने कहा कि हमने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों और यूक्रेन के लिए मानवीय सहायता पर भी चर्चा की है। उन्होंने बताया कि मैंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को कनाडा की संसद को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। ट्रूडो ने बताया है कि कनाडा के लोग यूक्रेनी लोगों की बहादुरी और लचीलेपन और राष्ट्रपति द्वारा दिखाए गए नेतृत्व से प्रेरित हुए हैं और मुझे पता है कि वे सीधे उन्हें सुनने को उत्सुक हैं।



### अंतिम सांस तक यूक्रेन के लिए लड़ते रहेंगे : जेलेंस्की

बता दें कि जेलेंस्की ने हाल ही में ब्रिटेन के सदन में भी भाषण दिया था जहां उन्हें सांसदों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण के खिलाफ लगातार दुनिया के देशों से मदद मांगी है। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन ने इस युद्ध को नहीं शुरू किया है। यूक्रेन पर रूस द्वारा युद्ध थोपा गया है लेकिन अब हम हार नहीं मानने वाले हैं। उन्होंने बताया था कि वह अंतिम सांस तक यूक्रेन के लिए लड़ते रहेंगे।

### यूक्रेन को अतिरिक्त 3.9 करोड़ डॉलर सहायता भेजेगा कनाडा

ओटावा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि कनाडा यूक्रेन को अतिरिक्त पांच करोड़ कनाडाई डॉलर (3.9 करोड़ डॉलर) की रक्षा सहायता भेज रहा है। ट्रूडो ने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज मैं अतिरिक्त पांच करोड़ कनाडाई डॉलर के उपकरण की घोषणा कर रहा हूं जिसे हम मदद के लिए यूक्रेन को भेजेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के साथ फोन पर बातचीत के बाद श्री ट्रूडो ने कहा कि कनाडा यूक्रेन को अत्यधिक विशिष्ट सैन्य उपकरणों की एक और शिपमेंट भेजने की योजना बना रहा है। ट्रूडो ने ट्वीट किया, अभी-अभी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की। मैंने उन्हें बताया कि कनाडा यूक्रेन को अत्यधिक विशिष्ट सैन्य उपकरणों की एक और खेप भेजेगा। हमने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों और यूक्रेन के लिए मानवीय सहायता पर भी चर्चा की।

### सिसी, पुतिन ने यूक्रेन के हालात पर की चर्चा

काहिरा। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह सिसी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को फोन पर बातचीत में यूक्रेन के हालात पर चर्चा की। श्री सिसी के प्रेस कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने कहा, राष्ट्रपति ने रूस-यूक्रेन संकट की घटनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मिस्र के नेता ने बातचीत के महत्व पर जोर दिया। मिस्र स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए राजनीतिक रूप से संकट के जल्द समाधान के उद्देश्य से सभी राजनयिक प्रयासों का समर्थन करता है। कार्यालय ने कहा कि श्री सिसी ने श्री पुतिन के साथ बातचीत के दौरान यूक्रेन से मिस्र के नागरिकों की निकासी सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों की भी सराहना की।

### संबंधों को फिर से शुरू करने के लिए हर्जोग ने तुर्की की उड़ान भरी

यरुशलेम। इजरायल के राष्ट्रपति आइजक हर्जोग ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन के साथ राजधानी अंकारा में बैठक के लिए बुधवार को उड़ान भरी। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों में यह पहली उच्च स्तरीय बैठक है। श्री हर्ज़ोग ने अपने प्रस्थान से पहले एक बयान में कहा, मैं राष्ट्रपति एर्दोगन के निमंत्रण पर तुर्की की सरकारी यात्रा पर जा रहा हूं, जिनके साथ मैं राष्ट्रपति बनने के बाद से बातचीत कर रहा हूं। मेरी यात्रा के मद्देनजर, मुझे उम्मीद है कि तुर्की के साथ एक गंभीर प्रक्रिया और विभिन्न स्तरों पर गहन बातचीत शुरू होगी। और अंततः हम अपने संबंधों में प्रगति देखेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट और विदेश मंत्री यायर लापिड की ओर से समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायल-तुर्की संबंध इजरायल के लिए, तुर्की के लिए और पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### जेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष समाप्त करने के लिए किया बातचीत का आग्रह

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष सुलझाने के उद्देश्य से बातचीत का आह्वान किया है। यूक्रेन की समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री जेलेंस्की के हवाले से कहा गया, युद्ध अवश्य खत्म होना चाहिए। हमें बातचीत की मेज पर बैठना चाहिए। जेलेंस्की ने मंगलवार रात एक वीडियो संदेश में कहा, बातचीत ईमानदार, उद्देश्यपूर्ण व लोगों के हित में होनी चाहिए। गौरतलब है कि यूक्रेन और रूसी प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह से बेलारूस में तीन दौर की शांति वार्ता की है, हालांकि यह वार्ता बेनतीजा रही। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा गुरुवार को तुर्की में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलने वाले हैं।

### कुवैत में नए रक्षा मंत्री हुए नियुक्त

कुवैत सिटी। कुवैत में देश के नए रक्षा और आंतरिक मंत्री नियुक्त किए गए हैं। कुवैत समाचार एजेंसी (कुना) ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुना ने कहा कि एक अमीरी डिक्री (प्रतिनिधि) के अनुसार सेवानिवृत्त जनरल शेख अहमद नवाफ अल-अहमद अल-सबा को पहले उपप्रधान मंत्री और गृह मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है और शेख तलाल खालिद अल-अहमद अल-सबा को भी उपप्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।



# रकुल ने अपने रिलेशनशिप का किया खुलासा

बातचीत में उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हम इसके बारे में इतनी बड़ी डील क्यों करते हैं. रकुल प्रीत सिंह ने कहा, यह बहुत अजीब है. यह सामान्य है, यह इंसान है. जैसे मेरा एक भाई है, मेरे माता-पिता हैं, मेरे जीवन में कोई खास है और मैंने इसके बारे में बोलना चुना, मैं इसके बारे में मूर्ख नहीं बनना चाहती थी. और यह मेरी निजी जिंदगी है. और फिर मेरा काम बोलना चाहिए.

### -इस वजह से किया रिश्ते का खुलासा

उन्होंने आगे कहा कि, हमने सार्वजनिक रूप से अपने रिलेशनशिप के बारे में बताने का फैसला क्यों किया. रकुल प्रीत ने आगे कहा, हमने सोचा कि हम इसके बारे में बात करेंगे क्योंकि हम दोनों महसूस करते हैं और वास्तव में यह राय है कि रिश्ते में दूसरे शख्स को मान्य करना जो महत्वपूर्ण है. कैमरे से छिपकर, क्यों? आप केवल एक बार जीते हैं. रकुल प्रीत ने आगे कहा, खबरों को मेरे काम के बारे में होने दें और मैं नहीं चाहता कि इससे मेरे काम पर असर पड़े और मैं इसे बदलना चाहती हूं.

*रकुल प्रीत सिंह एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो अपने प्रशंसकों से कुछ भी छिपाने में विश्वास रखती हैं. किसी के साथ भी रिश्ता छुपाने का कल्चर उन्हें पसंद नहीं है. हाल ही में रकुल ने जैकी भगनानी के साथ अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था, हाल ही में इस बारे में बात की थी कि आपके रिश्ते को सबके सामने लाना क्यों जरूरी हैं.*



# कपिल शर्मा ने द कश्मीर फाइल्स प्रमोट करने से किया इंकार!

कॉमेडियन कपिल शर्मा और विवादों का चोली दामन का साथ है। सब कुछ ठीक चलते चलते अचानक से कपिल किसी ना किसी कारणवश विवादों में आ जाते हैं। कुछ दिनों पहले कपिल और बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार के बीच अनबन की खबर आई थी हालांकि कपिल ने इन खबरों को गलत बताया था। वहीं अब एक बार फिर कपिल शर्मा खबरों में आ गए हैं। इस बार कपिल के खबरों में आने की वजह उनका शो द कपिल शर्मा शो है। फिल्म कश्मीर फाइल्स के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने कपिल शर्मा पर आरोप लगाया है कि कॉमेडियन ने उनकी फिल्म का प्रमोशन करने से इंकार कर दिया है। उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। उन्होंने बताया है कि कॉमेडियन ने फिल्म की टीम को इन्वाइट करने से इसलिए इनकार कर दिया है क्योंकि फिल्म में कमर्शल बड़े स्टार्स नहीं हैं।



# आलिया भट्ट अब करेंगी हॉलीवुड डेब्यू

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक और नायिका प्रधान 100 करोड़ी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी देने वाली अभिनेत्री आलिया भट्ट के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है। आलिया भट्ट भारतीय फिल्मों के साथ-साथ अब हॉलीवुड में भी अपना जलवा बिखेर रही हैं। आलिया भट्ट नेटफ्लिक्स की फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन से हॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नेटफ्लिक्स की यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय जासूसी थ्रिलर है, जिसमें आलिया भट्ट गैल गैडोट और जेमी डोर्नन के साथ नजर आएंगी। इसका निर्देशन टॉम हार्पर करेंगे। फिलहाल, हार्ट ऑफ स्टोन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, सिवाय इसके कि गैडोट एक घातक जासूस की भूमिका निभाएगा। अभी इस बात की कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि आलिया भट्ट क्या भूमिका निभाएंगी। ज्ञातव्य है कि पिछले साल, आलिया भट्ट ने पश्चिम में अपना करियर बनाने के लिए एक अमेरिकी प्रतिभा एजेंसी विलियम मॉरिस एंडेवर के साथ करार किया था। इस एजेंसी के माध्यम से उन्हें हॉलीवुड में अपना पहला प्रोजेक्ट मिला है। अभिनेत्री अब गैल गैडोट और जेमी डोर्नन के साथ नेटफिलक्स फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन से हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। टॉम हार्पर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को ग्रेग रूका और एलीसन श्रोएडर ने लिखा है। स्काईडांस के डेविड एलिसन, डाना गोल्डबर्ग और डॉन ग्रेंजर मॉकिंगबर्ड के बोनी कर्टिस और जूली लिन और पायलट वेव के गैडोट और जेरोन वर्सानो के साथ निर्माण कर रहे हैं। हार्पर, रूका और पैटी व्हीचर कार्यकारी निर्माता हैं। हार्ट ऑफ स्टोन के कथानक को छुपा कर रखा जा रहा है।




# इतने करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं एक्ट्रेस रेखा

रेखा ने अपनी जिंदगी में बहुत दौलत और शौहरत कमाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेखा के पास 400 करोड़ की संपत्ति है। लेकिन ना तो उनका कोई जीवनसाथी है और ना ही कोई संतान। ऐसे में सवाल यह उठता है कि उनकी संपत्ति पर किसका अधिकार होगा। बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा के आज भी लाखों चाहने वाले हैं। 67 साल की उम्र में भी रेखा खूबसूरती के मामले में बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस को टक्कर दे सकती हैं। रेखा ना केवल अपनी फिल्मों, बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। वैसे तो रेखा का नाम कई बड़ी हस्तियों के साथ जुड़ चुका है। लेकिन अमिताभ बच्चन और रेखा की प्रेम कहानी आज भी लोगों की जुबां पर रहती है। कहा जाता है कि रेखा आज भी अमिताभ को प्यार करती हैं। लेकिन दोनों एक ना हो सके। शायद यही वजह है कि 67 साल की उम्र में भी वे कुंवारी हैं। ऐसे में अक्सर लोगों के मन में यह ख्याल आता है कि उनकी करोड़ों की संपत्ति का वारिस कौन होगा। रेखा ने अपनी जिंदगी में बहुत दौलत और शौहरत कमाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेखा के पास 400 करोड़ की संपत्ति है। लेकिन ना तो उनका कोई जीवनसाथी है और ना ही कोई संतान। ऐसे में सवाल यह उठता है कि उनकी संपत्ति पर किसका अधिकार होगा। खबरों की मानें तो रेखा के बाद उनकी पूरी प्रॉपर्टी उनकी सेक्रेट्री फरजाना को दी जाएगी। बता दें कि फरजाना पिछले 32 सालों से रेखा के साथ हैं। वे रेखा के हर सुख-दुख में रेखा के साथ उनकी परछाईं बनकर खड़ी रहती हैं। रेखा अपनी सेक्रेट्री के बेहद करीब हैं। इतना ही नहीं, रेखा उन्हें अपने बेटे की तरह मानती हैं। यही वजह है कि रेखा अपनी संपत्ति का वारिस अपनी सेक्रेट्री फरजाना को बना सकती हैं।



# मालविका मोहनन प्रभास की अगली फिल्म में कर सकती है काम

मालविका मोहनन अपनी अगली फिल्म में प्रभास के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने इस खबर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। तमिल मीडिया के साथ अपनी नवीनतम बातचीत में, मलयालम अभिनेत्री ने अपनी अगली फिल्म में प्रभास के साथ अपने सहयोग की पुष्टि की। मालविका मोहनन ने कहा कि एक तेलुगु प्रोजेक्ट के लिए मेरे संभावित सहयोग के बारे में चर्चा चल रही है। मैं वास्तव में इस बड़ी तेलुगु फिल्म के लिए बोर्ड पर हूं। मैं इस समय कुछ भी प्रकट नहीं कर सकती, लेकिन परियोजना जल्द ही शुरू हो जाएगी। यह लगभग पक्का हो गया है कि प्रभास और मारुति की आगामी परियोजना, जिसे अस्थायी रूप से राजा डीलक्स शीर्षक दिया गया है, जल्द ही शुरु होगी। मेकर्स जल्द ही इस बारे में ऑफिशियल अनाउंसमेंट करेंगे। उप्पेना फेम कृति शेट्टी भी फिल्म में एक और अहम भूमिका निभाएंगी। खबर है कि राजा डीलक्स का निर्माण आरआरआर के निर्माता डीवीवी दानय्या करेंगे।



### 'सा रे गा मा पा' होस्ट नहीं करेंगे

# आदित्य नारायण

## 15 साल के साथ को कहा अलविदा

सिंगर आदित्य नारायण अब 'सा रे गा मा पा' को होस्ट नहीं करेंगे। शो के खत्म होने के साथ ही होस्ट आदित्य नारायण ने इंस्टाग्राम के माध्यम से इस बात की घोषणा कर दी कि वे अब इस शो को क्विट कर रहे हैं। वह काफी समय से शो का हिस्सा थे, ऐसे में उनके इस फैसले ने फैंस को मायूस कर दिया है। आदित्य नारायण ने इंस्टाग्राम पर शो से जुड़ी अपनी यादों को शेयर कर शो छोड़ने की जानकारी दी। उन्होंने शो में बिताए अपने काफी पलों की तस्वीरों को शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि बहुत भारी मन से मुझे कहना पड़ रहै है कि मैं अब शो को अलविदा कह रहा हूं, जिसने मुझे पहचान और शोहरत दी। शो का नाम सा रे गा मा पा है। 18 साल के टीनएजर के रूप में शो से जुड़ा और अब मैं जवान हूं, मेरी एक खूबसूरत पत्नी और एक बेटी है। 15 साल, 9 सीजन और 350 एपिसोड्स हो चुके हैं। आदित्य ने आगे अपनी पोस्ट में सभी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि मेरे सोल ब्रोदर नीरज का शुक्रिया। आदित्य ने विशाल ददलानी, शान, नेहा कक्कड़, बप्पी लहिरी, सोनू निगम, साजिद वाजिद, अल्का यागिनी, हिमेश रेशमिया, प्रीतम और मिका सिंह समेत कई सितारों का भी शुक्रिया अदा किया।



# राधे श्याम के सेट पर प्रभास भेजते थे सबके लिए खाना-पूजा हेगड़े

अभिनेत्री पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म राधे श्याम के प्रमोशन में बिजी हैं। अभिनेत्री प्रभास के साथ फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करती हैं। उन्होंने कहा कि मैंने फिल्म में प्रेरणा की भूमिका निभाई है, एक ऐसी भूमिका जिससे मैं प्यार करती हूं। मेरी भूमिका में अलग-अलग रंग और भावनाएं हैं। प्रेरणा की भूमिका एक बहुस्तरीय है, और मुझे भूमिका पर शोध करना पड़ा। इसका मेरी सोच पर बहुत प्रभाव पड़ा। राधे श्याम की जड़ पर बात करते हुए, पूजा ने खुलासा किया कि उनका किरदार ज्योतिष में विश्वास करता है। शीर्ष तेलुगु नायकों के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर, पूजा ने कहा कि वह अब तक उनके द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत हैं। प्रभास बहुत विनम्र हैं। राधे श्याम की शूटिंग के दौरान, हमारी टीम के कई लोगों को कोविड संक्रमण हुआ था। प्रभास ने उन सभी को खाना भेजना सुनिश्चित किया था। पैन-इंडिया फिल्म राधे श्याम दुनिया भर में 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



# देश के राष्ट्रपति का नाम नहीं बता पाई राजनीतिक मुद्दों पर ज्ञान देने वाली पायल

एक्ट्रेस पायल रोहतगी अक्सर सोशल मीडिया पर अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं और कई मुद्दों पर आपना ज्ञान पेलती रहती हैं। इन दिनों पायल एक्ट्रेस कंगना रनौत के रियलिटी शो लॉकअप में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो में ऑरेंज और ब्लू टीम को ऐसा टास्क दिया गया, जिसमें कंटेस्टेंट की जनरल नॉलेज का पता लगाना था। हैरान करने वाली बात यह है कि लॉकअप के कई कंटेस्टेंट्स में से ज्ञान झाड़ने वाली पायल को भारत के राष्ट्रपति तक का नाम नहीं पता था। उनकी ये बात पता चलने पर एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रही हैं। लॉकअप के टास्क के दौरान कंटेस्टेंट से भारत के वर्तमान राष्ट्रपति का नाम बताने के लिए कहा गया। लेकिन सारा खान, निशा रावल, पूनम पांडे और पायल रोहातगी में से कोई भी जवाब नहीं दे पाया। इसके अलावा पायल रोहातगी एक और सवाल का सही जवाब नहीं दे पाईं। दरअसल, उनसे पूछा गया था कि ट्विटर पर वर्ड लिमिट कितनी है, जिसके जवाब में उन्होंने 140 कहा था। लेकिन इसका सही जवाब 280 था। बता दें कि पायल रोहातगी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने राजनीतिक विचार लोगों के बीच शेयर करती नजर आती हैं। साथ ही वह प्रधानमंत्री मोदी का भी खूब समर्थन करती हैं लेकिन इसके बाद भी वह भारत के राष्ट्रपति का नाम नहीं बता पाईं। बस इसी बात को लेकर वो लोगों के निशाने आ गईं और जबरदस्त ट्रोल होने लग गईं।

CMYK CMYK CMYK CMYK